

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -317 जबलपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


हमारी सरकार का ध्येय है विकास, विकास और विकास हर एक खेत को मिलेगा सिंचाई के लिए पानी वृहद राजधानी परियोजना के लिए बनाया जाएगा मास्टर प्लान

## मध्यप्रदेश में हर गरीब को पक्का मकान का संकल्प होगा पूरा-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश- लखपति दीदियों को किए प्रमाण पत्र वितरित

भोपाल(आरएनएस) ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। पूरे देश में अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिलवाए जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में पुराने सर्वे के अनुसार 16 लाख हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हैं, आज मध्यप्रदेश को 8.5 लाख नए आवास मिले हैं। इसके बाद पुन: सर्वे कराया जाएगा, कोई भी गरीब पक्के मकान के बिना नहीं रहेगा। मध्यप्रदेश में हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विदिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य का आवंटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से गृह प्रवेश कराया और लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने क्षेत्र के लिए 177 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकास। हम इसकी प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आने वाले 4 वर्षों में प्रदेश के बजट को दोगुना कर दिया जाएगा। हर क्षेत्र का विकास होगा। हर गरीब को पक्का मकान



मध्यप्रदेश में रिकार्ड समय में बने ग्रामीण आवास- केंद्रीय मंत्री चौहान

सहित सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश में गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए विशेष मिशन चलाए जा रहे हैं। सभी का कल्याण हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष-2003 में जो 7 लाख हेक्टेयर ही था, अब बढ़कर 48 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। हर एक खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने किसानों से कहा कि कुछ समय बाद हम कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में विदिशा क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर को मिलाकर वृहद राजधानी परियोजना बनाई जा रही है। इसके लिए मास्टर प्लान शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि विदिशा नगर पालिका को नगर निगम बनाया जाएगा तथा विदिशा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को एकीकृत कर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और प्रधानमंत्री जनमन आवास रिकॉर्ड समय में बनाए गए। प्रधानमंत्री जनमन योजना में पहली सड़क भी मध्यप्रदेश में बनाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में आज मध्य प्रदेश को 8 लाख 21 हजार 190 आवास दिए जा रहे हैं, आगामी अप्रैल मई में इतने ही आवास प्रदेश को और दिए जाएंगे। उन्होंने आवासों की स्वीकृति से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो गरीब आवास लेने से छूट गए हैं उनके लिए पुन: सर्वे कराया जा रहा है। अब सेल्फ-सर्वे की सुविधा भी सरकार दे रही है। उन्होंने बताया कि अब पात्रता की शर्तों में छूट दी गई है, जिसके अनुसार दो पहिया वाहन वाले, 15 हजार रूपये तक वार्षिक आय वाले और ढाई एकड़ तक सिंचित तथा 5 एकड़ तक असिंचित भूमि वाले हितग्राही भी प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र होंगे।

## नवी मुंबई में पीएम मोदी ने इस्कॉन मंदिर का किया उद्घाटन, बोले- भारत एक जीवंत संस्कृति



मुंबई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया और पूजा-अर्चना की। उनके साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम देवेन्द्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने मंच साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है।

मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा। मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतों और सदस्यों को और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है। आज वो भौतिक शरीर से भले ही यहां न हो, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में फैले इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है, जो चौबीसों घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है। ये श्रील प्रभुपाद स्वामी के विचारों का सूत्र है।

## छिंदवाड़ा में मौत से जंग लड़ रहे कुएं में फंसे तीन मजदूर, निकालने के लिए चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन



छिंदवाड़ा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खूनाझिर खुर्द में कुआं गहरी करण करते समय मिट्टी धंसने से फंस गए तीन मजदूर अभी भी जिंदगी और मौत के बीच लड़ रहें हैं। पांच पोकलेन मशीनों सहित 50 से ज्यादा संख्या वाला बचाव दल मंगलवार शाम से उन्हें निकालने का प्रयास कर रहा है।

इधर मिट्टी बार-बार धंस जाने के कारण बुधवार सुबह तक सफलता नहीं मिल पाई है। मोहखेड़ टीआई के अनुसार, तीन में से एक मजदूर से बात हो रही है और दो से बात नहीं हो पा रही है। जिस मजदूर से बात हो रही उसने बताया कि नीचे पानी तेजी से बढ़ रहा है।

अब इन मजदूरों को बचाव की प्रकिया तेज करने के साथ आपकी प्रार्थना की भी जरूरत है। कुएं में फंसे मजदूरों में शहजादी खान, राशिद व बाशिद खान शामिल हैं, जो बुधनी निवासी हैं और कुआं गहरा करने के लिए मजदूरी करने आए हैं।

## हमारी लड़ाई इंडियन स्टेट से है-राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान पर बवाल मच गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर टिप्पणी करते-करते राहुल गांधी कह गए कि उनकी लड़ाई इंडियन स्टेट से है।

राहुल गांधी के बयान का यह अर्थ निकाला गया कि आज कांग्रेस अपने ही देश से लड़ रही है। भाजपा ने इस पर तत्काल प्रतिक्रिया दी। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि यह पागलपन की पराकाष्ठा है और नेता प्रतिपक्ष को इस तरह के बयान शोभा नहीं देते हैं।

क्या कहा था मोहन भागवत ने

संघ प्रमुख ने इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए 1947 में मिली आजादी का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी% के रूप में मनाई




जानी चाहिए, क्योंकि कई सदियों से परचक्र (दुश्मन का आक्रमण) झेलने वाले भारत की सच्ची स्वतंत्रता इस दिन प्रतिष्ठित हुई थी।

संघ प्रमुख के बयान पर बुधवार को राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर राहुल ने कहा, मोहन भागवत ने संविधान पर हमला किया। यह देशद्रोह और संविधान का अपमान है। ऐसा किसी और देश में होता, तो उनको जेल में डाल दिया जाता।

बकौल राहुल, मोहन भागवत हर 2-3 दिन में ये बता रहे हैं कि वह स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं। उनकी नजर में संविधान और स्वतंत्रता संग्राम अवैध थे। ये एक बहुत बड़ा अपराध है। ऐसा कहना हमारे देश की स्वतंत्रता और हर भारतीय का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा, आज देश में कहीं पारदर्शिता नहीं है। चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। हम चुनाव आयोग से महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों का डाटा मांगते हैं, वो देने से इन्कार कर रहे हैं। राहुल के बयान के निकाले जा रहे अलग-अलग अर्थ राहुल गांधी ने 'इंडियन स्टेट' वाले बयान के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। भाजपा के मुताबिक, राहुल गांधी कह रहे हैं कि अपने ही देश के खिलाफ लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी का मतलब राजशाही से है। उन हालात से है, जिन हालात में ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में काम करती थी और जिन हालात में राजा अपना राज्य चलाते थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने बीजेपी को लेकर कहा कि आज जो लोग सत्ता में हैं, वे तिरंगे को सलाम नहीं करते, राष्ट्रीय ध्वज को नहीं मानते, संविधान को नहीं मानते और भारत के बारे में उनका नजरिया बिल्कुल अलग है. वे चाहते हैं कि भारत को शेडी, हिडन और सीक्रेट सोसायटी द्वारा चलाया जाए. वे चाहते हैं कि भारत को एक आदमी द्वारा चलाया जाए और वे इस देश की आवाज को कुचलना चाहते हैं. वे दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ी जातियों और आदिवासियों की आवाज को कुचलना चाहते हैं. यह उनका एजेंडा है. इस देश में कोई भी दूसरी पार्टी नहीं है

## 252 करोड़ में बने इंदिरा भवन का हुआ उद्घाटन, अब 9 कोटला रोड होगा कांग्रेस मुख्यालय का नया पता

नई दिल्ली.(आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय का आज बुधवार 15 जनवरी को उद्घाटन हो गया है. सोनिया गांधी ने पार्टी के नए दफ्तर का उद्घाटन किया. इसके बाद अब पार्टी का नया पता बदलकर 9ए कोटला रोड हो गया है. इससे पहले कांग्रेस का मुख्यालय 24 अकबर रोड पर था. कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कई अन्य बड़े नेताओं की उपस्थिति में नए मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया गया.



इस दफ्तर को 252 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है. कांग्रेस के नए दफ्तर के ग्राउंड फ्लोर पर बाईं तरफ हाई टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम तैयार किया गया है. नई इमारत के बिल्कुल बीच में रिसेप्शन है. इमारत के बाईं तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी का दफ्तर होगा. इसके साथ ही टीवी डिबेट के लिए छोटे-छोटे साउंड प्रूफ चैंबर बने हुए हैं. इसके बगल में पत्रकारों और कैमरा पर्सन के लिए सिटिंग रूम भी बनाए गए हैं. इमारत की पहली मंजिल पर बाईं तरफ विशेष कार्यक्रमों के लिए हाईटेक ऑडिटोरियम बनाया गया है. इसके साथ ही किसान विभाग, डेटा डिपार्टमेंट जैसे कई विभाग बनाए गए हैं. इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिकारियों के ऑफिस होंगे. पांचवी मंजिल पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का दफ्तर होगा. इस मंजिल के बीचोंबीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का ऑफिस होगा.

### बरेली में यात्री रेलगाड़ी के आगे पटरी पर रखा बड़ा पत्थर, जांच जारी

बरेली- उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया, हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम पांच बजकर 45 मिनट की है जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया, ''यात्री रेलगाड़ी का इंजन बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए पत्थर से टकरा गया।

राज्यों से भी लड़ाई- राहुल के बयान पर आगबबूला हुई भाजपा

## भारत को कमजोर करने वाली ताकतों के साथ कांग्रेस- नड्डा

नई दिल्ली-(आरएनएस)। भाजपा ने लोकसभा के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तब हमला बोला जब उन्होंने दावा किया कि विपक्ष सिर्फ भाजपा के खिलाफ नहीं बल्कि भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उन ताकतों के साथ काम करने का इतिहास रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। नड्डा ने एक्स पर लिखा कि अब और छिपाया नहीं जा सकता, कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके ही नेता ने उजागर कर दिया है। मैं श्री राहुल गांधी को यह स्पष्ट रूप से कहने के लिए प्रशंसा करता हूं कि देश क्या जानता है - कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं! नड्डा ने कहा कि यह कोई रहस्य नहीं है कि गांधी और उनके पारिस्थितिकी तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है जो भारत को बदनाम करना, नीचा दिखाना और बदनाम करना चाहते हैं। उनकी बार-बार की हरकतों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था।



### चुनाव से पहले मुश्किल में प्रवेश वर्मा, दिल्ली पुलिस ने दर्ज की शिकायत



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन क्षेत्र में वाल्मिकी कॉलोनी में जूते बांटकर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने के आरोप में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। घटना के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा मंदिर मार्ग स।ह्र को लिखे गए पत्र के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर ने 15 जनवरी को स।ह्र को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि शिकायत में दो कथित वीडियो साझा किए गए थे, जिसमें वर्मा को निर्वाचन क्षेत्र की महिलाओं को जूते बांटते देखा जा सकता है। शिकायत के आधार पर, आरओ ने एसएचओ को जांच शुरू करने और प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। प्रवेश वर्मा नई दिल्ली सीट से आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट त्रिपक्षीय मुकाबले के लिए तैयार है क्योंकि कांग्रेस ने दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे और पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है। पूर्व सांसद परवेश वर्मा और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले बुधवार को मंदिरों में पूजा-अर्चना की और हवन किया।

## छत्तीसगढ़-पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा गिरफ्तार, ईडी ने शराब घोटाले में की बड़ी कार्रवाई

रायपुर.(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. उन्हें आज सुबह 11 बजे ईडी ऑफिस बुलाया गया था. 2200 करोड़ के शराब घोटाले में उन्हें तीसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था. ईडी ने सोमवार को कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता कथित शराब घोटाले से अपराध की आय में से मासिक आधार पर नकद में बड़ी राशि प्राप्त करते थे, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2,161 करोड़ है.

क्या है यह मामला?



- शराब घोटाले में ईडी की जांच, जो कथित तौर पर 2019 और 2022 के बीच हुआ था, ने खुलासा किया कि विभिन्न अवैध तरीकों से अवैध कमीशन उत्पन्न किया गया था.

- केंद्रीय एजेंसी के अनुसार, शराब की खरीद और बिक्री के लिए जिम्मेदार राज्य निकाय छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) द्वारा खरीदी गई शराब के प्रत्येक केस के लिए डिस्टिलर्स से रिश्वत ली गई थी.

- ईडी ने दावा किया कि अवैध लाभ कमाने का एक और तरीका बेहिसाब देशी शराब की बिक्री थी. इसमें कहा गया कि आय का कोई भी हिस्सा राज्य के खजाने तक नहीं पहुंचा और इसके बजाय सिंडिकेट द्वारा जेब में डाल दिया गया. रिपोर्ट में ईडी के हवाले से कहा गया है कि अवैध शराब विशेष रूप से राज्य द्वारा संचालित दुकानों के माध्यम से बेची जाती थी. ईडी ने यह भी कहा कि डिस्टिलर्स को रिश्वत दी गई ताकि वे एक निश्चित बाजार हिस्सेदारी के साथ एक कार्टेल बना सकें और विदेशी शराब खंड में शामिल लोगों को रिश्वत दी गई.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोरखपुर में रात्रि पुनीत गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी सदर बजार केंट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 5-35 बजे वह अपने घर से गोरखपुर एमआर कोठारी शोरूम के पास अपने टू व्हीलर एक्सिस से कुछ सामान खरीदने गया था और गाड़ी में ही अपना मोबाइल वन प्लस कम्पनी का रख दिया था सामान खरीदकर वापस आया तो उसका मोबाइल गाड़ी मे नहीं था कोई अज्ञात चोर उसका मोबाइल कीमती लगभग 15 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का स्वागत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भाजपा संगठन पर्व 2024 के दौरान नवनियुक्त नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण के कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। इसके पूर्व दोनो अध्यक्ष लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के सिविल लाइन स्थित निवास पहुंचे जहां मंत्री श्री सिंह ने उन्हे शुभकामनांये दी। इस अवसर पर श्री सिंह ने दोनो नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा

## भाजपा संभागीय कार्यालय पहुंचे नगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष

संगठन ने श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ को दायित्व दिया है और इनके नेतृत्व में जबलपुर नगर और ग्रामीण में भारतीय जनता पार्टी के कार्य का विस्तार होगा। नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा संगठन ने कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने पर जो जिम्मेदारी दी उसे पूरे प्रण प्राण से पूरा करने का प्रयास करूंगा और कार्यकर्ताओ के सम्मान में किसी तरह की की नही होगी और राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व की मंशा के अनुरूप जबलपुर महानगर का संगठन कार्य करेगा। ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने कहा मैं प्रदेश नेतृत्व और हमारे नेताओ का आभारी हूं जिन्होंने मुझे यह कार्य करने का अवसर दिया मैं अपनी ओर से संगठन को आश्वस्त करता हूं कि जिस आशा और विश्वास से उन्होंने यह दायित्व मुझे दिया है उसे पूरी निष्ठा से पूरा करूंगा। नगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष ने प्रदेश नेतृत्व और जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री रानू तिवारी, पंकज दुबे, राजेश राय, रजनीश यादव, राजेश दाहिया, अनिल तिवारी, अभय सिंह ठाकुर, कमलेश अग्रवाल, संतोष सैनी, बलराज सोनकर, कुंवरपाल सिंह शेरू, योगेंद्र सिंह राजपूत, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा, प्रमोद चोहटेल, रेणु कोरी, कुसुम चौबे, प्रियंका श्रीवास्तव, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय-कुलपति की हठधर्मिता पर छात्रों का फूटा आक्रोश, कुलगुरु की महा आरती करने पहुंची एनएसयूआई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कुलपति की विवादित नियुक्ति और उन पर लगे गंभीर आरोपों के बावजूद उनका अपने पद पर बने रहना, विश्वविद्यालय में बढ़ती अव्यवस्थाओं और छात्रों की उपेक्षा को लेकर छात्रों का आक्रोश अब अपने चरम पर है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में आज कुलपति की महा आरती करने का प्रयास किया, जो कुलपति के रवैये और छात्रों के प्रति उनकी उदासीनता के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था।

जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कहा कि छात्रों के रिजल्ट में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं, छात्रों को आज भी डिग्री मार्कशीट के लिए सीएम हेल्पलाइन लगानी पड़ रही है, महाविद्याओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है और महाविद्यालय विश्वविद्यालय के आदेशों की भी अवहेलना कर रहे हैं, छात्रावास की स्थिति खराब है, विश्वविद्यालय के कर्मचारी कई दोनों से धरना दे रहे हैं और कुलगुरु कह रहे हैं ऑल इस वेल। यह रवैया विश्वविद्यालय के दूरगामी हितों को बुरी तरह से प्रभावित करने का कार्य करेगा। आज जब विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद की बैठक आयोजित की जा रही थी, तब एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बैठक के बीच कुलपति की महा आरती करने का प्रयास किया। लेकिन कुलपति ने बाहर आने से इनकार कर दिया और सुरक्षा कर्मियों से कहकर अपने कक्ष को बंद करवा दिया। इससे छात्रों में और अधिक रोष पैदा हो गया। छात्रों का आरोप है कि कुलपति न केवल छात्रों के हितों की उपेक्षा कर रहे हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक स्थिति को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इस संबंध मे यह ज्ञात हो कि प्रशासन को पूर्व सूचित कर दिया गया था, कि संगठन के सदस्य उनकी महा आरती करना चाहते हैं, फिर भी उन्हें मिलने नहीं दिया गया। गौरतलब है कि कुलपति पर लगे आरोपों की जांच के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद उनका अपने पद पर बने रहना यह संकेत देता है कि कुलपति जांच को प्रभावित करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। संगठन का कहना है कि कुलपति न केवल छात्रों से मिलने से इनकार करते हैं, बल्कि उनकी समस्याओं और विश्वविद्यालय की अव्यवस्थाओं को भी अनदेखा कर रहे हैं। यह पूरा घटनाक्रम न केवल विश्वविद्यालय प्रशासन की साख पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि छात्रों की आवाज को अनसुना करना किस तरह एक बड़े संकट को जन्म दे सकता है।

आज मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, मो अली ,राहुल रजक, वाजिद, अभिषेक दहिया, हर्ष, साहिल, पुष्पेन्द्र गौतम सहित छात्र उपस्थित थे।

# भाजपा कानून एवम् विधिक कार्य विभाग के जिला संयोजक जगदीप प्रकाश टीटू के द्वारा नव निर्वाचित भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रत्नेश सोनकर जी ने अपनी ओर से संगठन की मजबूती के लिए 100 प्रतिशत प्रयास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सह संयोजक बृजेंद्र सिंह बघेल,उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा,प्रशांत तिवारी,परमिंदर लांबा,सैंडल वाजपेई,माइकल प्रदीप कपूर , मनोज कुमार सनपाल, सुनीता सूद , रूपाली केशरवानी , ज्योति कुरील , लालतेश्वर पटेल , सूरज सिंह , नितिन जैन , जयराज डिसोरिया, कपिल रामानी उपस्थित रहे।

# ट्रांसको प्रीमियर लीग 2025 रिचा की घातक गेंदबाजी से पॉवर प्रिंसेस की रोमांचक जीत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 के दूसरे दिन आज रिचा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और पावर प्रिंसेस को एक निश्चित हार से निकालते हुए पांच रन की रोमांचक जीत दिलाई। पहले खेलते हुए पावर प्रिंसेस ने निकिता के 31 रन के सहारे निर्धारित 8 ओवर में 2 विकेट खोकर 68 रन बनाए। जवाब में मोनिका के संघर्षपूर्ण 41 रन भी पावर एंजिल्स को हार से नहीं बचा सके और टीम 7 विकेट पर 62 रन ही बना सकी। अन्य मैचों में पावर स्ट्राइकर्स ने पावर वारियर्स की टीम पर 6 विकेट से जीत दर्ज की । पहले खेलते हुए यदुराज के 16 रन के सहारे पावर वारियर्स ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 62 रन बनाये। रघु ने तीन विकेट लिए। जवाब में स्ट्राइकर्स ने जीत के लिए आवश्यक रन 4 विकेट खोकर बना लिए, आशीष ने 3 विकेट लिये। आज के तीसरे मैच में सुपर किंग ने राइडर्स पर 7 विकेट की आसान जीत दर्ज की। राइडर्स शुभम के 27 व शहबाग के 15 रन की मदद से 82 रन बना सकी। जीत के लिए आवश्यक रन सुपर किंग ने मात्र 7.2 ओवर में 3 विकेट पर बना लिए। नीलेश ने 33 रन बनाए। एस.सी. घोष ने 2 विकेट हासिल किए। आज के मैचों में अंपायरिंग कुशल पाल सिंह, सुबोध धांडे, अनिल शर्मा व पवन पटेल ने की। कल लीग के 3 मैच प्रातः 11 बजे से खेले जाएंगे।

# मोक्ष का सर्वोत्तम उपाय है धर्म,त्रिशूलभेद में शिवमहापुराण कथा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मोक्ष का सर्वोत्तम उपाय है धर्म। यह मानव देह हमें सदाचार, सतकर्म के माध्यम से प्रभु भक्ति करके मोक्ष प्राप्त करने के लिए मिला है। अतः जीवन मरण से मुक्ति के लिए हमें धर्म की शरण में जाना चाहिए। ये उद्गार त्रिशूल भेद में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा एवं महामृत्युंजय जप यज्ञ के सातवे दिन कथा व्यास आचार्य डॉ. सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने व्यक्त किए।

कथा में उन्होंने भगवान श्रीगणेश व कार्तिकेय विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कार्तिकेय व ताड़कासुर युद्ध का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान को पाना है तो निर्मल मन रखना होगा। उन्होंने कहा कि भक्ति पथ का मार्ग कठिन होता है। भगवान की प्राप्ति के लिए भक्त को धैर्य रखना चाहिए। आशावान धैर्यवान भक्तों को प्रभु की कृपा होती है।

भगवान प्रेम के वशीभूत होते हैं। भगवान का भजन मन को अलौकिक शांति देता है। भजन करने से हृदय की जलन दूर होती है। अहंकारी जीव को प्रभु कृपा नहीं मिलती है। अहंकार जीव के पतन का कारण होता है। अहंकार का त्याग करने से ही प्रभु की प्राप्ति होती है। अतः भगवान को पाना है तो सरल बनकर भक्ति करना होगी। कथा में आचार्य रामभजन शास्त्री के भी आशीर्वचन हुए।

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर- थाना पनागर मे श्रीमती नीलिमा नंदा उम्र 46 वर्ष निवासी कृष्णा कालोनी अमन विहार अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शासकीय हाईस्कूल सरसंवा में शिक्षिका के पद पर है दिनांक 13-1-25 को अपने विद्यालय से छुट्टी होने के बाद वापस अपने घर जाने के लिये अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस एन 0564 से लौट रही थी शाम लगभग 5 बजे बघौड़ा वायपास चौराहा के आगे पनागर पहुॅची तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम बी 6984 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह गिर गये उसके दोनों पैर पीठ पसली में चोट आयी। रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विद्युत कंपनियों द्वारा पाण्डुताल मैदान में आयोजित होने वाला 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस बात का निर्णय एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आयोजन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा पर समीक्षा की गई।

गणतंत्र दिवस आयोजन समिति की बैठक में अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता सिविल धमेन्द्र वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके वर्मा, उप महाप्रबंधक आलोक श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक वाहन ज्ञान सनोरिया, उप महाप्रबंधक सिविल मिलिन्द चौधरी, शिक्तभवन इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस के पार्थ प्रीतम बोस व श्याम सुंदर गंगराज, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कम्युनिकेशन विभाग के कार्यपालन अभियंता दीपक कुमार, सहायक अभियंता राकेश सोनी व सुरक्षा अधिकारी आरएन यादव उपस्थित थे।

बैठक में राजीव गुप्ता ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी पर बिन्दुवार चर्चा कर रूपरेखा तैयार की। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम, व्यवस्थाओं को समय के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के सुरक्षा सैनिक आकर्षक परेड और बैंड दल देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत करेंगे। उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति के लिए कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व बालक मंदिर के बाल कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।



# निशुल्क उपनयन संस्कार 19 जनवरी को आयोजित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में दिनांक 19 जनवरी रविवार को सुबह 10:00 बजे से गढ़ा संजीवनी नगर स्थित लाल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में 101 विप्र बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कर्मकांडी विद्वानों के द्वारा वैदिक विधि से किया जाएगा। इस आयोजन में संत शिरोमणि डॉ राजेश्वर चैतन्य ब्रहमचारी महाराज जी की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहेगा। पत्रकार वार्ता में उपस्थित युवा नगर अध्यक्ष गुड्डा त्रिपाठी ने बताया कि जिन ब्राह्मण बालकों उपनयन संस्कार कराना है वे 17 जनवरी तक अपना नाम पंजीयन करा सकते हैं। यज्ञोपवीत संस्कार पूर्णतः निशुल्क रहेगा। पत्रकार वार्ता में आशीष त्रिवेदी असीम त्रिवेदी संजय तिवारी शैलेश पाठक और विकास तिवारी विकास गौतम अरुण दिक्षित रेणु उपाध्याय संध्या बेरागी मांडवी दुबे रश्मि शर्मा ज्योति उपाध्याय वेद प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना सिविल लाईन में शरद कश्यप उम्र 48 वर्ष निवासी डाक्टर वाधवा की गली सिविल लाईन ने सूचना दी कि उसका भाई मनीष उर्फ मोनू उम्र 54 वर्ष का को अपने चौकीदारी के काम पर राजकुमार अग्रवाल के प्लाट पर रात लगभग 8-30

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

जबलपुर- पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 4 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 96 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 10 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 30 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 12 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 53 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 25 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 4 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 4 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 28/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री सतीश कुमार गेराय, पिता- श्री गोपी लाल** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 439 के भाग, **वार्ड 62 वार्ड** , भूतल 450 व.फु. सी.सी., **संलग्न- दानपत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री गोपी लाल, भवन नं 439 के भाग पिन नं. 1002978360 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 26/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री संतोष गेराय, पिता- श्री गोपी लाल** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 439 के भाग, **वार्ड 62 वार्ड** , भूतल 450 व.फु. सी.सी., **संलग्न- दानपत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री गोपी लाल, भवन नं 439 के भाग पिन नं. 1002978360 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 27/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री हरीश कुमार गेराय, पिता- श्री गोपी लाल** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 439 के भाग, **वार्ड 62 वार्ड** , क्षेत्रफल 450 व.फु. सी.सी., भूतल 450 व.फु. सी.सी., **संलग्न- दानपत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री गोपी लाल, भवन नं 439 के भाग पिन नं. 1002978360 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 25/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 14.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री नीरज यादव, पिता- स्व. श्री चोखे लाल** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 2710,2713 के भाग, **वार्ड 68 वार्ड** , भूतल 672 व.फु. सी.सी., **संलग्न- पारिवारिक व्यवस्था पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्रीमती शांति बाई, भवन नं 2710,2713 के भाग पिन नं. 1000373000 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर



भोपाल - गेहूँ खरीदी के लिये किसानों का ऑनलाइन पंजीयन आगामी 20 जनवरी सोमवार से शुरू होगा। गेहूँ खरीदी के लिये 4 हजार उपार्जन केन्द्र बनाये जायेंगे। गत वर्ष 3800 उपार्जन केन्द्र बनाये गये थे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दी। केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गेहूँ उपार्जन की तैयारियों की राज्यवार समीक्षा कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लायें।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश आकर्षित करने जाएंगे जापान-निवेश प्रोत्साहन के लिए 11 विभागों की 21 नीतियों पर कार्य जारी- फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले लागू होंगी नीतियां**

# जापान बनेगा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का कंट्री पार्टनर- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष में प्रवेश पर उनको समर्पित मंत्रि-परिषद की अगली बैठक 24 जनवरी को महेश्वर में होगी। ग्वालियर मेला और विक्रमोत्सव उज्जैन में मोटरयान करों में छूट के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी शक्ति) पर ध्यान के ध्येय वाक्य के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्रदेश में आरंभ स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही गरीब कल्याण मिशन का क्रियान्वयन भी प्रदेश में आरंभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और निवेश प्रोत्साहन की दिशा में अगली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल में होने जा रही है। भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में जापान भी कंट्री पार्टनर के रूप में भाग लेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए 27 जनवरी से 1 फरवरी तक जापान यात्रा प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 विभागों को, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले, अपनी निवेश नीतियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत 21 निवेश नीतियों पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश निवेश प्रोत्साहन नीति 2025, एमपी लॉजिस्टिक्स नीति, मध्यप्रदेश निर्यात संवर्धन एवं ओडीओपी नीति 2025 तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत प्रदेश में एमएसएमई विकास नीति 2025, एमपी एमएसएमई भूमि विकास आवंटन नीति 2025 और एमपी स्टार्टअप नीति पर कार्य जारी है। इसी प्रकार नवकरणीय ऊर्जा के लिए एमपी पंप हाइड्रोस्टोरेज नीति 2025, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के अंतर्गत मध्यप्रदेश जैव ईंधन संवर्धन नीति 2025 और एमपी शहरी गैस वितरण नीति 2024 को भी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले तैयार कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपी ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर नीति-2025, एमपी एवीजीएस-एक्सआर नीति-2024, मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2025 और एमपी ड्रोन प्रमोशन नीति-2025, विमानन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश विमानन नीति-2025, वन विभाग के तहत सीएसआर/सीईआर और गैर सरकारी नीतियों का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश वृक्षारोपण नीति-2025, नगरीय आवास एवं विकास तथा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लैण्ड पूल नीति-2025, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत संवर्धित अस्पतालों के साथ मेडिकल कॉलेजों का पीपीपी मोड पर निर्माण एवं संचालन नीति-2025, पर्यटन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पर्यटन निवेश नीति-2025 और मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025, जल संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत दबावयुक्त पाईप सिंचाई प्रणाली के पीपीपी मोड पर संचालन और रख-रखाव नीति-2025 को प्राथमिकता पर तैयार किया जा रहा है। इससे ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समय निवेश प्रस्तावों पर त्वरित रूप से निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

**औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है शहडोल - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

भोपाल-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। सहयोग और साझेदारी के साथ क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये 16 जनवरी को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने वाला है। इसमें उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ नीति संवाद और नवाचार साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन इकाइयों में 570 करोड़ रूपये का निवेश और 2600 रोजगार का सृजन होगा। कॉन्क्लेव में टोरंट पॉवर द्वारा 1600 मेगावाट थर्मल प्लांट के लिए 18 हजार करोड़ रूपये का निवेश संभावित है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ 3 सेक्टोरल सत्र भी होंगे। कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन मध्यप्रदेश के उद्योग दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेंगे और उद्योग विभाग की एक साल की उपलब्धियों पर फिल्म का प्रदर्शन होगा। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और एमएसएमई श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह प्रदेश में निवेश के अवसरों, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अवसरों, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम में अवसरों, प्रमुख सचिव खनिज संसाधन श्री उमाकांत उमराव खनन एवं खनिज क्षेत्र में अवसरों और प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला पर्यटन क्षेत्र में अवसरों का प्रस्तुतिकरण देंगे। कॉन्क्लेव में प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा अपने अनुभव साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला और एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर व्यापार प्रोत्साहन के लिए बिजनेस प्रमोशन सेंटर और ट्रेड एसोशियन एवं शासकीय विभागों के प्रदर्शनी स्टॉल लगेंगे। इन स्टॉल्स के माध्यम से जी-2-सी (सरकार से नागरिक) संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें उद्यमियों और निवेशकों को राज्य की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी मिल सकेगी, जिससे वे अपने व्यापारिक निर्णयों को बेहतर तरीके से ले सकेंगे। एक जिला-एक उत्पाद और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और उत्पादकों को अपने उत्पादों एवं व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर देगी।

## शिवराज सरकार की पर्यटन नीति को यथावत रखेगी मोहन सरकार

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में वर्ष 2016 में शिवराज सिंह सरकार द्वारा बनाई पर्यटन नीति ही यथावत रहेगी। मोहन सरकार ने इसी नीति को आगामी पांच वर्ष तक प्रभावी रखने का निर्णय लिए हैं। वर्ष 2019 में कमल नाथ सरकार ने इसमें आंशिक बदलाव किया था, इसके बाद अब तक बदलाव नहीं किया। दरअसल, शिवराज सरकार ने जो नीति तैयार की गई थी। यह अवधि समाप्त हो चुकी है। इसे देखते हुए सरकार ने नीति की आगामी संशोधन तक जारी करने के आदेश जारी कर दिए हैं। पर्यटन नीति में 19 पर्यटन परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इसमें कई गतिविधियां भी शामिल हैं।

## सौ दिन से ज्यादा पुरानी शिकायतों को तत्काल निपटाएं : कमिश्नर

भोपाल (आरएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिवस से लंबित शिकायतों का शीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। सोमवार को संभाग के जिलों की टाइम लिमिट बैठक में उन्होंने किसानों को फसल कटाई के बाद पराली न जलाने के लिए जागरुक करने एवं उससे होने वाली दुष्परिणामों से अवगत कराते हेतु निर्देशित किया। सिंह ने भारत सरकार द्वारा 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन निक्षय अभियान के लिए भोपाल संभाग अंतर्गत सीहोर एवं विदिशा जिलों द्वारा किए गए स्क्रीनिंग की प्रगति जानी एवं 100 दिवसीय इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

**बेस्ट प्रेजेंटेशन ऑफ ट्राइब कल्चर का खिताब गीता भूरिया मंडोड ने जीता**

## मंत्री श्री चौहान ने ट्राइबल ग्लोबल फेस्ट की प्रतियोगिताओं में विनर बहनों को दी बधाई



भोपाल-(आरएनएस) अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने उडीसा के भुवनेश्वर में आयोजित ट्राइबल ग्लोबल फेस्ट में आयोजित ट्राइबल क्वीन इंडिया प्रतियोगिता में बेस्ट प्रेजेंटेशन ऑफ ट्राइब कल्चर विनर गीता भूरिया मंडोड एवं फर्स्ट रनर रिंकी भाबर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि दोनों बहनों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि झाबुआ जिले की कला और संस्कति की अनमोल विरासत को पूरे देश में पहचान दिलाने में दोनों बहनों का प्रयास हम सभी को प्रेरित करता है।

उल्लेखनीय है कि रमा देवी महिला विश्वविद्यालय भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित ट्राइबल ग्लोबल फेस्ट में पूरे देश से अनुसूचित जनजाति समुदायों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। झाबुआ जिले की गीता भूरिया मंडोड ने ट्राइबल क्वीन इंडिया प्रतियोगिता में जिले की कला और संस्कृति को गर्व के साथ प्रस्तुत किया था। इस अद्भुत प्रयास के लिए गीता बहन को बेस्ट प्रेजेंटेशन ऑफ ट्राइब कल्चर विनर का खिताब प्राप्त हुआ।

झाबुआ जिले की ही रिंकी मोहन सिंह भाबर ने इस प्रतियोगिता में भील जनजाति की दुल्हन की वेशभूषा में गहने, भाषा, नृत्य आदि पर अपने विचार रखें एवं भीली संस्कृति को प्रस्तुत किया और अपनी अनूठी प्रस्तुति से उन्होंने ट्राईबल क्वीन इंडिया कॉन्टेस्ट फर्स्ट रनरअप का अवार्ड अपने नाम किया। साथ ही उन्हें बेस्ट टाइमलेस ब्यूटी के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

## गैर आदिवासियों को संगठन में स्थान देगी प्रदेश कांग्रेस

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस संगठन को सशक्त करने के लिए प्रदेश में पंचायत स्तर पर समिति बनाने के साथ ही पार्टी आदिवासी ब्लाक में गैर आदिवासी को भी अध्यक्ष बनाकर काम करने का मौका देगी। दरअसल, आदिवासी विकासखंडों में चाहे पंचायत हो या फिर नगरीय निकाय, अधिकतर पद सुरक्षित रहते हैं। ऐसे में गैर आदिवासी को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता है। इन्हें संगठन में अवसर दिया जाएगा। प्रदेश के 20 आदिवासी बाहुल्य जिले हैं इनमें 88 आदिवासी विकासखंड है। पार्टी ने तय किया है कि इन क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए नए आदिवासी नेतृत्व को तो आगे बढ़ाया ही जाएगा, गैर आदिवासियों की भूमिका भी चिन्हित की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया सलाहकार केके मिश्रा का कहना है कि कांग्रेस ही ऐसा दल है, जो सभी वर्गों को साथ में लेकर चलता है। आदिवासी क्षेत्रों में अभी भी कई स्थान ऐसे हैं, जहां गैर आदिवासी संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर हैं।

**लोकायुक्त के सामने जल्द समर्पण कर सकता है सौरभ**

भोपाल(आरएनएस)। तीन जांच एजेंसियों का मोस्ट वांटेड पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा जल्द ही लोकायुक्त पुलिस के सामने समर्पण कर सकता है। पुलिस कई दिन से उसकी तलाश कर रही है। 18 दिसम्बर को सौरभ के भोपाल में ई-सात स्थित आवास पर लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। तब सौरभ के स्वजन ने पुलिस के अधिकारियों को बताया था कि वह सपरिवार दुबई गया है।

# परिवहन की कमाई में एक-दूसरे को दोषी ठहराने में लगे हैं भाजपा के नेता...?

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इतिहास में परिवहन चौकियों से कमाई गई अवैध कमाई का खुलासा दूसरी बार हुआ है जिसमें नोटों की भरमार सामने आई है? इससे यह पता चलता है कि परिवहन चौकियों पर गुजरने वाले वाहन चालकों से अवैध वसूली की जाती थी? यह पता पहली बार जब दतिया के तत्कालीन कलेक्टर और प्रभारी सचिव के वाहन अचानक शिवपुरी जिले में स्थापित सिकंदरा बैरियर पर अचानक रुकने से जो अफरा-तफरा का माहौल बना था, उसके चलते परिवहन चौकियों पर रखे गमले और अखबारों की गड्डियों ने जितने नोट उगले थे उस समय के दिग्विजय सिंह की सरकार के समय परिवहन चौकियों से होने वाली अवैध वसूली की कमाई का पता चला था? अब जबकि मोदी के नेतृत्व की डबल इंजन की भाजपा की सरकार चल रही है जबकि वह भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ हमेशा कहते ही रहते हैं, लेकिन इसके बाद भी इस प्रदेश में भ्रष्टाचार व अवैध कमाई बंद होने का नाम नहीं ले रही है?

भ्रष्टाचार का आलम यह है कि चाहे डबल इंजन की सरकार के उपमुख्यमंत्री हों या अधिकारी हर कोई रिश्वतखोरी में दिलचस्पी लेने में लगा हुआ है तभी तो इस सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के मामले में अपराध और अपराधियों को प्रोत्साहन देने की खबरें सुर्खियों में आ चुकी हैं? फिर चाहे वह भाजपा की नीतियों के विरुद्ध सिमी के आतंकवादी को जेल से रिहा करने की सिफारिश करने का मामला हो या फिर राजधानी में पकड़ी गई अवैध ड्रग माफिया का मामला हो या फिर खुद की विधानसभा में दो लोगों द्वारा खुद की चिटफंड कंपनी बनाकर लोगों से लाखों की ठगी करने का मामला हो या फिर अपनी विधानसभा में हमेशा चर्चित रहे डोडा चूरा की तस्करी का मामला हो उसमें भी जगदीश देवड़ा का नाम उजागर होता है? लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ ढिंढोरा पीटने वाली सरकार अपनी ही सरकार के उपमुख्यमंत्री के खिलाफ कोई कठोर कार्यवाही करने के लिये तत्पर नहीं दिखाई देती है? इससे डबल इंजन की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के मामले की हकीकत जनता के सामने आ रही है? मजे की बात तो यह है कि जब उपमुख्यमंत्री रिश्वत लेने में दिलचस्पी रखते हों तो फिर राज्य के अधिकारी व कर्मचागण भी रिश्वत लेने में परहेज नहीं करते? इसी का नतीजा है कि डॉ. मोहन यादव की एक वर्ष के कार्यकाल में लोकायुक्त व अन्य जांच एजेंसियों द्वारा प्रदेश के तहसीलदार पटवारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल में ली जाने वाली रिश्वत का आंकड़ा भी एक करोड़ के करीब सामने आया है? लेकिन इसके बाद आज भी प्रदेश का शायद ही कोई ऐसा जिला बचा हो जहां से रिश्वत लेने की एक-दो खबरें रोजाना नहीं आती हों? इसकी वजह यह है कि इस प्रदेश में भ्रष्टाचारी और रिश्वतखोरी का आलम यह है कि उसको लेकर अब लोग श्रवण कुमार वाली कहानी चटकारे लेकर सुनाने लगे हैं तभी तो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जब नोटबंदी की गई थी इसके बाद जब नई करेंसी मार्केट में आई थी तब इसी प्रदेश में रिश्वतखोरी में दो हजार के नये नोट दिये जाने का मामला सामने आया था?

## पुलिस कप्तान अमित कुमार अब हर शनिवार को गांव में लगाएंगे अपना ऑफिस, क्षेत्र में जाकर ही सुनेंगे ग्रामीणों की समस्याएं, वही करेंगे भोजन

रतलाम, आरएनएस। पुलिस कप्तान अमित कुमार एक और नवाचार करने जा रहे हैं। एसपी प्रत्येक शनिवार को अपना ऑफिस जिले के किसी गांव में लगाएंगे और वहीं जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर तत्काल निराकरण करेंगे। जनता से सीधे जुड़ने के लिए एसपी गांव में ही रात्रि भोजन भी करेंगे और ग्रामीणों से अनौपचारिक संवाद करेंगे।

जिले में अपनी पदस्थापना के बाद से ही एसपी अमित कुमार जन संवाद के जरिए लगातार आम नागरिकों से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं लेकिन अब एसपी अमित कुमार सीधे उन लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रहे है, जो ना तो जनसंवाद में आ पाते हैं, ना ही पुलिस के समक्ष अपनी बात कह पाते हैं। इसके लिए एसपी अब स्वयं उन लोगों के पास पहुंचेंगे। एसपी अमित कुमार प्रत्येक शनिवार को लंच बाद जिले के किसी एक गांव में स्टाफसहित पहुंचकर अपना ऑफिस वहीं लगाएंगे। एसपी ग्रामीण से उनकी समस्याएं जानेंगे और उसका निराकरण भी कराएंगे। पूरा कार्यालय वहीं होने के कारण शिकायत मिलने पर मौके पर ही एसपी कार्रवाई भी करेंगे। एसपी गांव में चल रहे अवैध कारोबार और अपराधियों के संबंध में भी जानकारी लेंगे। रात्रि भोजन भी एसपी अमित कुमार गांव में ही करेंगे। एसपी अमित कुमार आज शाम को शहर के बाजना बस स्टैंड और सुभाष नगर क्षेत्र में जाकर नागरिकों से मिलेंगे। एसपी लोगों से मिलकर पुलिस से संबंधित उनकी समस्याएं जानेंगे और उसका निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को देंगे। एसपी क्षेत्र में पनप रहे आपराधिक तत्वों, अवैध धंधों के बारे में भी नागरिकों से जानकारी लेंगे।

## अरबी और उर्दू भाषा के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ, 28 फरवरी तक किये जा सकेंगे आवेदन

भोपाल (आरएनएस) मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी (संस्कृति परिषद) की निगरानी में संचालित राष्ट्रीय उर्दू भाषा एवं विकास परिषद नई दिल्ली के अरबी एवं फारसी (पर्शियन) भाषा के एक वर्षीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम और उर्दू डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रारम्भ हो गये हैं। अरबी, फारसी और उर्दू भाषा सीखने के इच्छुक अभ्यर्थी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन 28 फरवरी, 2025 तक कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के कार्यालय, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र सीमित संख्या में ही उपलब्ध हैं, प्रवेश पत्र समाप्त होने की स्थिति में उसकी छाया प्रति के साथ साथ आवेदन स्वीकार नहीं की जायेंगे। उन्होंने बताया कि पाढ्यक्रमों की कक्षायें 01 अप्रैल, 2025 से आवश्यक रूप से प्रारंभ हो जायेंगी।

निदेशक डॉ. मेहदी बताया है कि अरबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये उर्दू एवं अंग्रेज़ी की प्रारंभिक शिक्षा के अतिरिक्त उर्दू लिखने और समझने का ज्ञान भी आवश्यक है। इसी तरह फारसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये उर्दू एवं अंग्रेजी लिखने और पढ़ने का ज्ञान आवश्यक है। उर्दू डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिये हिन्दी या अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है। तीनों पाठयक्रमों में अधिकत आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश आवेदन पत्र के लिये प्रति पाठ्यक्रम 200 रुपए पंजीयन शुल्क जमा कराना होगा, इसके अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क देय नहीं है।

# नागरिकों को उन्नत, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिये तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उनके ही जिले में उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों को उन्नत, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जिला चिकित्सालय भोपाल (जेपी हॉस्पिटल) में एमआरआई जांच सेवा केंद्र का लोकार्पण किया। एमआरआई सेवा प्रदान करने वाला जेपी हॉस्पिटल प्रदेश का पहला जिला चिकित्सालय बन गया है।




उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और विस्तारित करने के लिए सरकार सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एमआरआई जांच सेवा उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में भी शीघ्र शुरू की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सेवा सीजीएचएस दर से 30 प्रतिशत कम शुल्क पर नागरिकों को उपलब्ध होगी। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत हितग्राहियों के लिए यह सेवा नि:शुल्क रहेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे सुधार न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जेपी हॉस्पिटल में मार्च 2025 तक कैथ लैब और हृदय उपचार संबंधी सुविधाओं का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यहां कैथ लैब और सीटीवीएस सेवाओं के माध्यम से एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, हार्ट ट्रांसप्लांट और बाईपास सर्जरी जैसी उन्नत सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इसके तहत 100 बिस्तरों की हृदय उपचार यूनिट स्थापित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में देरी न हो और सभी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएँ निरंतर सशक्त हो रही हैं। मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। भविष्योनुमुखी चुनौतियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय पदों में 46 हज़ार से अधिक पदों में भर्ती की जा रही है। इन प्रयासों से सभी नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त होगी। विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम भोपाल अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

भोपाल एमआरआई केंद्र ?10 करोड़ 50 लाख की लागत से स्थापित किया गया है, जिसमें भवन निर्माण, उपकरण और तकनीकी उन्नयन शामिल हैं। इसमें 1.5 टेस्ला स्क्र580 मशीन लगाई गई है, जो हाल ही में लॉन्च उन्नत तकनीक से लैस है। यह तेज, सटीक स्कैनिंग, उन्नत इमेजिंग और ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करती है। केंद्र में प्रतिदिन 80 मरीजों की स्कैनिंग क्षमता है, न्यूनतम प्रतीक्षा समय और सटीक रिपोर्टिंग के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## परीक्षाओं पर संदेह का साया

उत्तरी राज्यों में सरकारी नौकरियों में भर्ती की तमाम परीक्षाओं पर संदेह का साया घिरा हुआ है। पेपर इतनी बार लीक हुए हैं या इन्हें अदालतों ने रद्द किया है कि परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बनना लाजिमी है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा में शामिल हुए छात्र दोबारा इम्तहान की मांग को लेकर जिस ढंग से जान दांव पर लगाए हुए हैं, उसके कारणों को समझना बेहद जरूरी है। इसके दो प्रमुख आयाम है: पहला यह कि उत्तरी राज्यों में सरकारी नौकरियों में भर्ती के होने वाली तमाम परीक्षाओं की संदिग्ध हो चुकी है। पेपर इतनी बार लीक हुए हैं या गड़बडियों के आरोप में इन्हें इतनी बार अदालतों ने रद्द किया है कि परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बना चुका है। दूसरा पहलू समाज में अच्छे रोजगार के अवसरों का बेहद सिकुड़ जाना है। इस कारण सरकारी नौकरियां ही स्थिर करियर का एकमात्र आश्वासन रह गई हैं। बिहार एवं उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां निजी कारोबार में सम्मानजनक काम पाने की गुंजाइशें बेहद सीमित हैं, वहां इन नौकरियों को लेकर मारामारी मचने की मिसालें और भी ज्यादा देखने को मिल रही हैं। पटना की सड़कों पर बिहार के विभिन्न इलाकों से आए सैकड़ों छात्र दो हफ्तों से कड़ी ठंड के बीच बीपीएसी परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की मांग इसलिए कर रहे हैं, क्यों उन्हें पेपर लीक का शक है। छात्रों ने परीक्षा में कई दूसरी तरह की अनियमितताओं के आरोप भी लगाए हैं। इनमें प्रश्न पत्र के स्तरहीन होने और कोचिंग संस्थानों के मॉडल सवालों के मेल खाने के इल्जाम शामिल हैं। आरोप है कि कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा और जैमर काम नहीं कर रहे थे।

# एकता के महाकुम्भ के साथ ही महाकुम्भ ने दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

दुनिया के कई देश, हर राज्य और हर जाति के लोगों ने एक साथ लगाई संगम में डुबकी महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान पर नजर आया एकता का महाकुम्भ संगम की रेत पर नाचते गाते जयकारे लगाते श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान बम बम भोले बोलकर झूमते नजर आए अमेरिकी, इजरायली और फ्रांसीसी समेत तमाम देशों के नागरिक

महाकुम्भनगर। मकर संक्रांति पर महाकुम्भ में भारत के हर राज्य और हर जाति लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए। पहले अमृत स्नान पर महाकुम्भ नगर में एकता का महाकुम्भ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगाकर लोग उत्साह से लबरेज नजर आए।

महाकुम्भ के इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भर गया। आस्था का ऐसा संगम हुआ कि संगम की रेत तक आज पहले अमृत स्नान पर नजर नहीं आ रही थी। हर जगह सिर्फ मुंड ही मुंड नजर आ रहे थे। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत हर राज्य, हर जाति के लोग और अन्य देशों से आए विदेशी नागरिकों ने गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। अमेरिकी, इजरायली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी बम बम भोले के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्य और भव्य महाकुम्भ का अलौकिक आयोजन किया गया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक शक्ति महाकुम्भ के इस बार के अद्भुत आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी ज्यादा बढ़ा दी है। महाकुम्भ मेले के शुरुआती दो दिनों में दुनिया भर के कई देशों के नागरिकों ने भाग लिया और भारत की संस्कृति को अनुभव किया। विदेशी श्रद्धालु भारत की सनातन संस्कृति से गहरे प्रभावित हुए और परिवार के साथ गंगा में स्नान किया। संगम के तट पर जय श्री राम और हर हर गंगे के उद्घोष से माहौल बना और श्रद्धालु श्रद्धा से गंगा में डुबकी लगाते रहे।

महाकुम्भ में मकर संक्रांति अमृत स्नान का हिस्सा बने विदेशी नागरिक जैफ ने कहा कि मैं अमेरिका से हूं लेकिन मैं लिस्बन, पुर्तगाल में रहता हूं। मैं दक्षिण भारत की यात्रा कर रहा था। कल वाराणसी के रास्ते यहां पहुंचा। मुझे यहां की ऊर्जा बहुत शांत और सुकून देने वाली लगती है और हर कोई बहुत दोस्ताना सा लगता है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़े मंदिर जैसा लगता है। मैं यहां की सुव्यवस्था और स्वच्छता देखकर चकित हूं। हर 15 मीटर पर कूड़ेदान उपलब्ध हैं।

इसी तरह, ईरान से आई एक महिला ने कहा कि हम 9 लोगों का एक समूह हैं। हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से यहां आए हैं। मेरे पति और मैं दुबई और लिस्बन के बीच रहते हैं। हमारा यहां पहली बार आना हुआ है। कुम्भ बहुत ही सुव्यवस्थित है। यह प्रभावशाली है। हम एक बहुत अच्छी टेंट कॉलोनी में रह रहे हैं। एक अन्य अमेरिकन सिटीजन पॉला ने टूटी फूटी हिंदी में कहा कि आज बहुत उत्तम दिन है। इस उत्तम दिन पर साधुओं के साथ स्नान करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। ये हमारा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में आने का अवसर मिला और संन्यासियों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

महाकुम्भ में मकर संक्रांति का महत्व

महाकुम्भ भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर अमृत स्नान को जीवन में शुभता और सकारात्मकता लाने का माध्यम माना जाता है। संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर श्रद्धालु अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं और पुण्य के साथ मोक्ष की कामना करते हैं। महाकुम्भ 2025 का यह अद्भुत दृश्य न केवल भारतीय संस्कृति की गरिमा को दर्शाता है, बल्कि विश्व भर में इसकी आध्यात्मिक छवि को भी मजबूत करता है। महाकुम्भ के इस शुभ अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों के प्रवचनों और धार्मिक अनुष्ठानों में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में भागीदार बन रहे हैं। संत संगम के महत्व और मकर संक्रांति के धार्मिक पक्ष को लेकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं।

सुरक्षा की विशेष व्यवस्था

इस विशाल आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, भीड़ प्रबंधन और स्वच्छता अभियान ने महाकुम्भ को एक अनुकरणीय आयोजन बना दिया। मकर संक्रांति पर स्नान के लिए बड़ी संख्या में सुबह से ही लोग जुटने लगे। पवित्र स्नान के लिए देश के कोने-कोने से बुजुर्ग, महिलाएं और युवक पहुंचे। अपने सिर पर गठरी लादे श्रद्धालुओं का कारवां आगे बढ़ता रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे।

## कलाग्राम के शुभारम्भ के साथ सांस्कृतिक संगम का हुआ उद्घोष

0- डा. रवीन्द्र अरजरिया

कुम्भ नगरी में देश भर के कोने-कोने से आए कलाकारों, शिल्पकारों एवं कलाविदों को उनकी असाधारण प्रतिभा एवं चिरकालिक परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक ही छत के नीचे लाने का प्रयास किया गया है, जहां प्रदर्शन, दृश्य एवं साहित्यिक कलाओं के लिए एक ही स्थान पर मंच प्रदान किया गया है। आज इसी कलाग्राम का शुभारम्भ किया गया। महाकुम्भ के 45 दिनों में, कलाग्राम, गंगावतरण एवं समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करने वाले अनुभव क्षेत्रों, महाकुम्भ के विभिन्न पहलुओं को समाहित करने वाले प्रदर्शनी क्षेत्रों, कारीगरों के कौशल, शास्त्रीय एवं लोक कलाकारों के मंत्रमुग्धकारी प्रदर्शन, सात्विक व्यंजनों की सुगन्ध, एवं यहाँ तक कि विशेष खगोल रात्रि के माध्यम से रात्रि के आकाश का अवलोकन करने के अवसर के माध्यम से एक गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा। यहां बच्चों, युवाओं के लिए सेल्फी पांइट भी बनाया गया है। 635 फीट चौड़े एवं 54 फीट ऊँचे मुख्य प्रवेश द्वार से विस्मित होने के लिए तैयार रहें, जो शिल्प कौशल का एक अद्भुत निर्माण है। 12 ज्योतिर्लिंगों के आकार में तैयार अनोखे कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत मंच प्रदान करना है। कलाग्राम मंच, चार धाम को अपनी पृष्ठभूमि के रूप में जीवन्त करता है। इसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों द्वारा निर्मित दो विशाल पट्टचित्र माँ दुर्गा एवं गणपति की कथा का वर्णन किया गया है। वही सात क्षेत्रों में हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और ब्रिक्री हेतु आकर्षक थीम पर आंगन बनाया गया है। आस्था की धरती पर सांस्कृतिक महाकुंभ का शुभारंभ 12 जनवरी से हुआ। कलाग्राम में समूचे भारत की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी, इसके लिए कलाग्राम, गंगा पण्डाल, झूसी, नागावासुकी एवं अरेल में विभिन्न मंचों पर 45 दिनों के लिए 14,632 कलाकार, संगीत नाटक अकादमी, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों एवं सीसीआरटी द्वारा आयोजित प्रस्तुतियों में, प्रत्येक दिन पद्म एवं एसएनए पुरस्कार विजेता दिग्गजों से लेकर उदीयमान युवा प्रतिभाओं, लोक नर्तकों की रंगारंग मण्डली, भावपूर्ण शास्त्रीय शैली एवं मनोरंजक सेलिब्रिटी प्रदर्शन, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा

## नई दिल्ली विधानसभा सीट पर फंस गए हैं केजरीवाल, राहुल गांधी ने मदद से किया इनकार

आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल भले ही एक बार फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हो लेकिन इस बार वह बुरी तरह से फंसते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारियों ने तो आम आदमी पार्टी सरकार की वापसी पर प्रश्नचिन्ह लगा ही दिया है लेकिन इस त्रिकोणीय लड़ाई में केजरीवाल की अपनी सीट भी फंसती हुई नजर आ रही है।

अरविंद केजरीवाल इस बात को काफी पहले ही समझ गए थे, इसलिए वह लगातार इंडिया गठबंधन की एकता की बात उठाने लग गए थे। यहां तक कि केजरीवाल ने डीएमके सुप्रीमो एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शरद पवार, अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं से राहुल गांधी को समझाने की गुहार भी लगाई। लेकिन अरविंद केजरीवाल की असलियत से वाकिफ राहुल गांधी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपने आप को मजबूत करने के लिए चुनाव लड़ेगी। सीलमपुर की अपनी पहली चुनावी रैली में राहुल गांधी ने जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ आप मुखिया अरविंद केजरीवाल, पर भी जमकर निशाना साधा,उससे यह साफ हो गया कि राहुल गांधी अपनी पार्टी को समाप्त कर केजरीवाल की मदद कतई नहीं करेंगे।

कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट %नई दिल्ली% से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है। अरविंद केजरीवाल वर्ष 2013 के अपने पहले विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हराकर, पहले विधायक बने थे और फिर कांग्रेस के ही 8 विधायकों के समर्थन से पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। बताया तो यहां तक जाता है कि 2013 में शीला दीक्षित को चुनाव हराने के लिए कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अरविंद केजरीवाल की मदद की थी। लेकिन दिल्ली में पार्टी को फिर से मजबूत बनाने के मिशन में जुटे राहुल गांधी ने इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से केजरीवाल के खिलाफ स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय और दिलचस्प बना दिया है। अगर आप 2020 के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को मिले वोटों की तुलना 2015 के विधानसभा चुनाव से करेंगे तो आपको यह समझ आ जाएगा कि केजरीवाल को अपनी ही विधानसभा सीट पर डर क्यों लग रहा है ? वर्ष 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप मुखिया अरविंद केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे। लेकिन वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री होने और कुल मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के बावजूद केजरीवाल को मिले वोटों में भयानक गिरावट आ गई थी। 2015 के चुनाव में जिन केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे,

## टीम चयन में गलतियां

भारतीय टीम सिडनी टेस्ट में हार कर पिछले एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के हाथों बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को गंवा बैठी। इस दौरे और इससे पहले न्यूजीलैंड के हाथों घर में पहली बार 3-0 से सफाये के बाद लगने लगा है कि टीम इंडिया में अब बदलाव की जरूरत है।

सही है कि इस सीरीज को खोने में बल्लेबाजों के योजना के हिसाब से नहीं खेलने, टीम चयन में गलतियां करने की तो भूमिका रही ही, टीम के दिग्गज बल्लेबाजों का नहीं चलना भी बड़ा कारण रहा। बेहतरीन स्पिनरों में शुमार रखने वाले रविचंद्रन अिन के बीच दौरे में संन्यास लेने की घोषणा के बाद महसूस किया जा रहा था कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली भी इस तरफ कदम बढ़ा सकते हैं। भारतीय कप्तान ने अपनी खराब फॉर्म की वजह से जब सिडनी टेस्ट की अंतिम एकादश से अपने को बाहर रखा तो लगा कि बदलाव के दौर की शुरुआत होने जा रही है। पर रोहित ने अगले ही दिन साफ कर दिया कि सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला टीम के हित में लिया गया था पर मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने नहीं जा रहा। वहीं विराट ने भी ऐसे कोई संकेत नहीं दिए हैं। शायद इसकी वजह भारत को अब जून माह में इंग्लैंड का दौरा करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले संस्करण की शुरुआत करनी है।

## पूंजीवादी व्यवस्था और आदर्श समाज की स्थापना

भारत डोगरा

इतिहास के पृष्ठों में यह सवाल बार-बार उभरता रहा है कि किसी भी समय का कोई समाज आदर्श के कितना नजदीक या दूर रहा है, पर इसके बावजूद यह आदर्श समाज या देश कैसा होना चाहिए इसके बारे में मतभेद आज तक बने हुए हैं।

अनेक बड़े स्वार्थ और ताकतें अपने हितों के अनुसार इस आदर्श समाज की सोच प्रस्तुत करते हैं और फिर अपने संसाधनों के भरपूर उपयोग से इस सोच का ही प्रचार-प्रसार करवाते हैं और अनुचित को उचित, गलत को सही सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। इसका एक उदाहरण तो यह सोच है कि किसी एक देश का विश्व पर या बड़े क्षेत्र पर दबदबा या आधिपत्य उस देश का आदर्श है। इस तरह की सोच से किसी का भी भला नहीं होगा और बहुत सी हिंसा नाहक होगी पर शक्तिशाली देशों के असरदार व्यक्ति ऐसी सोच को तरह-तरह की आकषर्क शब्दावली में प्रस्तुत करते हैं तो उनका बहुत महिमा-मंडन किया जाता है क्योंकि शक्तिशाली और संसाधन संपन्नों को ऐसी सोच की जरूरत है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूंजीवादी और साम्यवादी देशों में एक होड़ थी कि किस व्यवस्था को विश्व में अधिक लोग अपने आदर्श के रूप में देखें और अपनाएं। दोनों व्यवस्थाओं ने अपना खूब प्रचार किया पर अपनी भीतरी समस्याओं और विसंगतियों को दूर नहीं किया। अत: पूंजीवादी व्यवस्था में शोषण और विषमता, पर्यावरण विनाश और युद्ध को बढ़ाने की प्रवृत्ति बनी रही तो साम्यवादी व्यवस्थाओं में अपने ही लोगों पर अत्याचार हुए और इसका पर्याप्त विरोध भी वहां नहीं किया जा सका। सोवियत संघ के विघटन के बाद चीन ने भी पूंजीवादी देशों से सहयोग का रास्ता ही अपनाया और ऐसा लगा और प्रचारित भी हुआ कि अब तो पूंजीवाद की ही जीत है पर इस तरह की बहुत अनुकूल स्थितियों के बाद सबसे शक्तिशाली देशों ने युद्ध की प्रवृत्ति को छोड़ा नहीं अपितु विनाशकारी युद्धों और हमलों में दुनिया को उलझा दिया। यहां तक कि इस कारण तीसरे महायुद्ध का खतरा भी सामने आ गया। आक्रामकता के साथ पूंजीवाद की स्व-विनाशकारी प्रवृत्तियां भी नजर आई और अनुकूल स्थितियों के रहते हुए भी प्रमुख पूंजीवादी देशों (जैसे अमेरिका और ब्रिटेन) में बड़ी संख्या में लोग बुनियादी जरूरतों को जुटाने तक के लिए संघर्ष करते हुए पाए गए हैं, जबकि आज जर्मनी भी अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं। अत: बहुत अनुकूल स्थितियां मिलने पर भी पूंजीवादी व्यवस्था आदर्श समाज की स्थापना व्यापक और दीर्घ स्तर पर करने में विफल है।

## त्रिवेणी तट पर आस्था और उल्लास का संगम

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान का शुभारंभ मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हुआ। संगम के त्रिवेणी तट पर लाखों श्रद्धालुओं और साधु-संतों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था को नया आयाम दिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर ही अपने ईष्ट देव की पूजा-अर्चना की। इस पूजन में तिल, खिचड़ी और अन्य पूजन सामग्रियों का उपयोग किया गया। श्रद्धालुओं ने तिल और खिचड़ी का दान कर धर्म लाभ प्राप्त किया। दान-पुण्य के इस क्रम ने पर्व को और पवित्र बना दिया।

मकर संक्रांति के इस पावन दिन संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आस्था और उल्लास का ऐसा नजारा था जिसने हर किसी के मन को भावविभोर कर दिया। स्नान के दौरान हर कोई अपने जीवन को पवित्र और सुखमय बनाने की प्रार्थना करता दिखा। स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पुण्य और मोक्ष की कामना की। मकर संक्रांति भगवान सूर्य को ही समर्पित पर्व है। मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और दिन लंबे व रात छोटी होने लगती है। स्नान के दौरान ही कई श्रद्धालु गंगा आरती और श्रद्धालुओं ने घाट पर ही मकर संक्रांति का पूजन अर्चन किया और तिल खिचड़ी का दान कर पुण्य कमाया।

## मिल्कवीड: आत्मनिर्भर भारत का फाइबर

कभी-कभी कोई नई प्रौद्योगिकी, कोई लंबे अर्से से चली आ रही समस्या और कोई साहसिक विचार मिलकर नवाचार की रचना करते हैं।

डीन कामेन

यह विचारशील उद्धरण सफलताओं के सार को रेखांकित करता है: जब चुनौतियां नए परिप्रेक्ष्यों से जुड़ती हैं और प्रौद्योगिकी नए समाधानों तक पहुंचने के सेतु का काम करती है। वस्त्र जैसे उद्योगों में, यह तालमेल पारंपरिक तरीकों में बदलाव ला रहा है, स्थिरता को बढ़ावा दे रहा है, और नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और सहायक सरकारी नीतियां मिश्रित सामग्रियों में सुदृढीकरण के रूप में बास्ट फाइबर के उपयोग में तेजी ला रही हैं, ताकि बढ़ती आबादी की ज़रूरते पूरी की जा सकें। बास्ट फाइबरों का प्राकृतिक रूप से सड़नशील होना और उनकी प्रचुरता, पर्यावरण के अनुकूल नवाचार की ओर बदलाव को चिह्नित करते हुए उन्हें ऑटोमोटिव उद्योग, संरचनात्मक कंपोजिट, पल्पिंग और टेक्सटाइल में प्रयोग के लिए आदर्श बनाती है।

प्राकृतिक चमत्कार मिल्कवीड फाइबर, भारत के वस्त्र परिदृश्य में क्रांति लाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने को तत्पर है। अपने आशाजनक गुणों, टिकाऊ खेती और किसानों की आजीविका को बढ़ाने की अपार संभावनाओं के साथ, मिल्कवीड बढ़ती आबादी के साथ वैकल्पिक फाइबर की अत्यावश्यक मांग का समाधान है, जो भारत के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप है।

मिल्कवीड का पौधा

मिल्कवीड की फली

मिल्कवीड कोई साधारण फाइबर नहीं है। इसके बीज की फली के भीतर लगे रेशमी, खोखले तंतुओं से प्राप्त, यह हल्का फाइबर असाधारण गुणों से युक्त होता है, जो इसे टिकाऊ सामग्रियों की तलाश में अग्रणी बनाता है। इसकी खोखली संरचना इसे उच्च संपीड़न और बेहतरीन थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करती है, जिसका थर्मल मूल्य 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर नॉनवॉवन (या बिना बुने कपड़े) से लगभग दोगुना है। मिल्कवीड को पॉलिएस्टर, ऊन, विस्कोस या कपास जैसे अन्य फाइबरों के साथ मिश्रित किए जाने पर, यह कपड़े की कोमलता, सांस लेने की क्षमता और गर्माहट को बढ़ाता है, जिससे न केवल आरामदायक बल्कि प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार होते हैं।

फाइबर भौतिक गुणों की तुलना

| परीक्षण के मापदंड | मिल्कवीड | कपास | पॉलिएस्टर | ऊन |
|---|---|---|---|---|
| थर्मल मूल्य (क्लो) | 6.28 | – | 3.35 | 1.17 |
| नमी की पुन: प्राप्ति (प्रतिशत) | 11 से 12 | 6.8 से 7.5 | 1.4 से 1.5 | – |
| घनत्व (ग्राम/सेमीः) | 0.89 से 0.90 | 0.3 से 0.4 | 1.2 से 1.3 | – |

मिल्कवीड की तकनीकी विशेषताओं के अतिरिक्त इसकी खेती भारत के कृषक समुदाय के लिए परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करती है। इस बारहमासी फसल को न्यूनतम इनपुट की आवश्यकता होती है। यह नाना प्रकार की मिट्टी की स्थितियों में पनपता है, और बदलती जलवायु के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेता है। एक बार लगाए जाने के बाद, यह 10 साल तक उपज देता रहता है, और इसकी पैदावार में सालाना वृद्धि होती है। किसान प्रति एकड़ लगभग 1.5-2 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जो कपास जैसी पारंपरिक फसलों से होने वाली आय की तुलना में काफी अधिक है। यह न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि संसाधन-गहन फसलों पर निर्भरता को भी कम करता है, जिससे यह एक टिकाऊ और आकर्षक विकल्प बन जाता है।

नॉनवॉवन फैब्रिक

(30प्रतिशत मिल्कवीड फाइबर सहित)

भारत में भेड़ों की आबादी 7.4 करोड़ से अधिक है और वह सालाना 3.69 करोड़ किलोग्राम कार्पेट-ग्रेड ऊन का उत्पादन करता है, लेकिन परिधान में इस्तेमाल होने वाले मेरिनो जैसे उत्तम ग्रेड के ऊन के लिए वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार लगभग 1,800 करोड़ रुपये मूल्य जितने आयात पर निर्भर करता है। घरेलू स्तर पर उत्पादित ऊन आम तौर पर बेहतर गुणवत्ता का नहीं होता है, जिससे अक्सर असुविधा होती है और यह त्वचा के अनुकूल नहीं होता है। जबकि पश्मीना ऊन, जिसका माइक्रोन मूल्य 20 से कम है, असाधारण गुणवत्ता का होता है, इसका उत्पादन सीमित है। सरकार की पश्मीना ऊन विकास योजना और एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम जैसी पहलों ने लद्दाख, जम्मू -कश्मीर और राजस्थान जैसे क्षेत्रों में भेड़ पालन, पश्मीना उत्पादन और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। यह क्षेत्र 35 लाख लोगों को आजीविका प्रदान करता है और वैश्विक बाजारों में भारत के ऊनी कार्पेट, कपड़ों और परिधानों के निर्यात को बढ़ावा देता है।

मिल्कवीड-ऊन मिश्रण एक टिकाऊ समाधान के रूप में उभरा है, जो फाइबर की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए आयात पर निर्भरता को कम करता है। उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (निटरा) द्वारा उद्योग जगत के हितधारकों के सहयोग से हाल ही में की गई प्रगति ने एक अभिनव 80:20 ऊन-मिल्कवीड मिश्रण की औद्योगिक व्यवहार्यता को प्रदर्शित किया है। यह मिश्रण थर्मल इन्सुलेशन, हल्के गुणों और कोमलता में 100 प्रतिशत ऊन से आगे निकल जाता है, जो इसे उच्च-स्तरीय और कार्यात्मक वस्त्रों के लिए प्रीमियम पसंद बनाता है। मिल्कवीड की बहु उपयोगिता कई तरह के अनुप्रयोगों तक फैली हुई है। परिधान, घरेलू वस्त्र और स्वच्छता उत्पादों से लेकर विभिन्न उत्पादों में पारंपरिक फाइबर की जगह लेने की इसकी क्षमता अपार है। लद्दाख की अपनी यात्रा के दौरान, मुझे मिल्कवीड के रेशों से बने उत्पादों की असाधारण गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिला। मैंने इस फाइबर से बनी एक रजाई का परीक्षण किया और इसे बेहद गर्म और आरामदायक पाया ङ्क यहां तक कि मुझे किसी भी हीटिंग उपकरण का उपयोग करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ी। मैंने निटरा द्वारा विकसित एक टोपी और जैकेट को भी आज़माया, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान मुझे बखूबी गर्म रखा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

वृष राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यावसायिक काम समय पर बनते जाएंगे।

मिथुन राशि : आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी से बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का साधन बनने वाला है। अगर आपका साझेदारी में बिजनेस करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में समस्या आती है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। इस समय नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे।

धनु राशि : आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

मीन राशि : आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए है। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। पारिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आगामी दिल्ली चुनावों में भाजपा की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आप-दा 5 फरवरी को भाजपा की अपेक्षित जीत के साथ समाप्त होगा। उन्होंने अपना विश्वास दोहराया कि भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी मौजूदा सत्ता विरोधी लहर के कारण जीत हासिल करेंगे। पुरी ने अरविंद केजरीवाल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए अधूरे वादों और कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया।

# महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं ने मंगलवार को आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ नगर में अमृत स्नान के दौरान समूचा क्षेत्र जय श्री राम, हर हर गंगे, और बम बम भोले के जयकारे से गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महाकुंभ की कुछ तस्वीरें भी शेयर की। पीएम मोदी ने महाकुंभ को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम बताया।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम! मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुंभ-2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु जनों का अभिनंदन!

वहीं, एक अन्य पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, आस्था का महासिंधु-एकता का महाकुंभ, तीर्थराज प्रयाग में आज महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सभी अखाड़ों और घाटों पर पुष्प वर्षा सनातन संस्कृति का वंदन, श्रद्धा का अभिनंदन और आस्था को नमन है।

महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान का शुभारंभ मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हुआ। संगम के त्रिवेणी तट पर लाखों श्रद्धालुओं और साधु-संतों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था को नया आयाम दिया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर ही अपने ईष्ट देव की पूजा-अर्चना की। इस पूजन में तिल, खिचड़ी और अन्य पूजन सामग्रियों का उपयोग किया गया। श्रद्धालुओं ने तिल और खिचड़ी का दान कर धर्म लाभ प्राप्त किया। दान-पुण्य के इस क्रम ने पर्व को और पवित्र बना दिया।

मकर संक्रांति के इस पावन दिन संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आस्था और उल्लास का ऐसा नजारा था, जिसने हर किसी के मन को भावविभोर कर दिया। स्नान के दौरान हर कोई अपने जीवन को पवित्र और सुखमय बनाने की प्रार्थना करता दिखा।

स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पुण्य और मोक्ष की कामना की। मकर संक्रांति भगवान सूर्य को ही समर्पित पर्व है। मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और दिन लंबे और रात छोटी होने लगती है। स्नान के दौरान ही कई श्रद्धालुओं ने गंगा आरती की। वहीं, श्रद्धालुओं ने घाट पर ही मकर संक्रांति का पूजन-अर्चन किया और तिल-खिचड़ी का दान कर पुण्य कमाया।

**हर हर बम बम के बीच अखाड़ों का हुआ पहला राजसी स्नान**

महाकुम्भ नगर (आरएनएस)। महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया।



प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान मकर संक्रांति के पावन अवसर पर निरंजनी अखाड़े के एक साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान के दौरान पवित्र डुबकी लगाते हुए।



हरिद्वार में मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु हर की पौड़ी पर एकत्रित हुए.

# भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और विफलताओं पर अखिलेश यादव का तीखा प्रहार

लखनऊ (आरएनएस ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है, जहां हर योजना भ्रष्टाचार की एक नई कहानी बन गई है। उन्होंने मंहगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की दुर्दशा के लिए भाजपा की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया।अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का उदाहरण देते हुए कहा कि क्योटो जैसी स्मार्ट सिटी बनाने के वादे केवल झूठे सपने साबित हुए हैं। वाराणसी में सार्वजनिक सुविधाएं, जैसे मैदागिन पार्क के फव्वारे, ओपन जिम और सड़कें, सब बदहाल स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी ही नहीं, बल्कि राजधानी लखनऊ में भी भाजपा के भ्रष्टाचार की छवि साफ देखी जा सकती है।उन्होंने लखनऊ के टेढ़ीपुलिया चौराहे और इंजीनियरिंग कॉलेज रोड की खराब हालत को रेखांकित करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा अधिग्रहीत गांवों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं का भी अभाव है।प्रयागराज में महाकुंभ के इंतजामों पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि तीर्थयात्री बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को न तो ठंड से बचाव की उचित व्यवस्था मिली, न ही भोजन और पानी जैसी जरूरी चीजें। उन्होंने गरीब नाविकों पर सरकार की पाबंदियों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी रोजी-रोटी छीनकर उन्हें किनारे कर दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी से पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। जनता अब 2027 का बेसब्री से इंतजार कर रही है, जब वह भाजपा को सत्ता से हटाकर कुशासन का अंत करेगी।

**बांग्लादेश को सबक सिखाने की तैयारी, भारत ने डिप्टी हाई कमिश्नर को किया तलब**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग का विवाद गहरा गया है। भारत ने आज बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाई कमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध कोशिश बताया था। हालांकि, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,156 किलोमीटर का बॉर्डर है। इसमें से 3271 किलोमीटर एरिया में भारत ने फेंसिंग कर दी है। 885 किलोमीटर बॉर्डर पर अभी फेंसिंग का काम चल रहा है। ढाका ने पहले आरोप लगाया था कि भारत भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है, जो द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन है।

## पटरी से उतरी पैसेंजर ट्रेन, यात्रियों की अटकी सांसें; लोको पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

चेन्नई (आरएनएस)। विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास आज मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते रह गया। यहां यात्रियों को लेकर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन अचानक पटरी से उतर गई। मिली जानकारी के मुताबिक पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे रेलवे की पटरी ने उतर गए। हालांकि आनन-फानन में आवाज सुनकर ट्रेन को रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे के बाद अन्य ट्रेनों के लिए रास्ते को साफ किया गया। वहीं ट्रेन में बैठे अन्य यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। तेज आवाज सुनकर ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया। ट्रेन रुकने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन रोकने के बाद सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेलवे कर्मचारी और इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंचे और पटरी से उतरी ट्रेन की मरम्मत के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। रेलवे कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अन्य ट्रेनों के लिए मार्ग साफ किया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई थी या नहीं।



प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अमृत स्नान के लिए धार्मिक जुलूस के दौरान नागा साधु संगम घाट की ओर बढ़ते हुए।

## जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले की साजिश : डोडा, सांबा और कठुआ में हाई अलर्ट

डोडा (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस को लेकर तीन जिलों में हाईअलर्ट जारी किया है। तीनों जिलों की हदें एकसाथ जुड़ती हैं। इन जिलों में पिछले वर्ष आतंकी हमले भी हो चुके हैं। ऐसा सूचना है कि आतंकी कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में आतंकी हमला कर सकते हैं। पिछले दिनों डोडा के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के दो समूहों को देखा भी गया। हालांकि एजेंसियां ये पता नहीं लगा पा रहीं कि ये आतंकी पुराने हैं या फिर नया समूह है।

पिछले साल डोडा में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हुए थे। जबकि चार आतंकी मारे गए। लेकिन बीच-बीच में आतंकियों की मौजूदगी देखी जा रही है। डोडा, किश्तवाड़, कठुआ और हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए जिले में सक्रिय आतंकवादियों की सही संख्या का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रहीं।

डोडा के एसएसपी संदीप मेहता का कहना है कि पुलिस ने राष्ट्र विरोधी तत्वों, विशेष रूप से आतंकवादियों की सहायता करने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं। पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में ऐसे नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का कहर जारी, 50 से ज्यादा ट्रेनें और 70 फ्लाइटें हुईं लेट; एक्यूआई 250 से नीचे पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन पहले हुई बारिश से सर्दी और ज्यादा बढ़ गई है। उधर, कोहरा होने से ट्रेनों और उड़ानों पर भी असर पड़ा है। दिल्ली में मंगलवार सुबह कोहरा छाया, जिससे वाहनों को अपना गाड़ी की लाइट जलाकर ही चलना पड़ा। वहीं, अगर बात प्रदूषण की करें तो आज थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में मंगलवार को एक्यूआई 250 से नीचे ही दर्ज किया गया है। इुहीं, मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण शाम या रात को रुक-रुक कर बहुत हल्की वर्षा हो सकती है। कोहरे के कारण मंगलवार को ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही। दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की 50 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। अधिकांश लोकल ट्रेनें भी विलंब से चलने के कारण दैनिक यात्रियों की परेशानी हो रही है। देरी से गंतव्य पर पहुंचने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ रहा है। इस साल की शुरुआत से ही गुरुग्राम में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। एक दो दिन को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर दिनों में बादल छाए रहे। सोमवार को भी रविवार जैसे हालात रहे। लोगों को दोपहर एक बजे तक सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। एक बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को हल्की राहत मिली। वहीं इससे पारा जरूर एक डिग्री कम हो गया। शीतलहर से गलन बढ़ी हुई है। गुरुग्राम का न्यूनतम तापमान सोमवार को आठ डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया।

## अमृतसर में एक घर में हुआ धमाका, इलाके में मची अफरा-तफरी; पुलिस जांच में जुटी

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में एयरपोर्ट रोड पर जुझार सिंह एवेन्यू में एक घर में तेज धमाका हुआ। धमाके इतना तेज था कि आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई है। जानकरी के अनुसार, धमाका एक घर के अंदर हुआ, धमाके की वजहों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने घर में जांच शुरू कर दी है।

प्रशासन ने किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी है। जांच के दौरान मीडियाकर्मियों को भी घटनास्थल के करीब जाने से रोका जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट की डीसीपी विजय आलम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, किसी तरह की असामान्य गतिविधि या आतंकी पहलू को लेकर भी जांच की जा रही है।



भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के परिवीक्षार्थियों के एक समूह ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के समारोह में भाग लेते हुए.

# 11 दिनों तक रखा डिजिटल अरेस्ट, कोयला कंपनी के रिटायर अफसर से ठगे 2.27 करोड़ रुपए

रांची (आरएनएस)। साइबर क्रिमिनल के एक गैंग ने रांची में रहने वाले कोयला कंपनी के एक रिटायर अफसर को 11 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 2.27 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। जेल भेजने और सख्त एक्शन का खौफ दिखाकर उनसे यह रकम आठ अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कराई गई। इस मामले की एफआईआर सीआईडी साइबर थाना में दर्ज कराई गई है। इसके अलावा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई गई है। सीआईडी की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि इस ठगी को अंजाम देने वाला गिरोह महाराष्ट्र का है। गिरोह ने जिन बैंक अकाउंट में रकम ली है, वे महाराष्ट्र के हैं।

ठगी का शिकार हुए कोल इंडिया के रिटायर अफसर रांची के बरियातू इलाके में रहते हैं। उन्होंने एफआईआर में बताया है कि 10 दिसंबर, 2024 को उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम अभिराज शुक्ला बताया और अपना परिचय ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के अफसर के रूप में दिया। उनसे कहा गया कि उनके नंबर से कई लोगों को भ्रामक विज्ञापन और मेसेज ट्रांसफर किए गए हैं। भुक्तभोगी ने जब अपने नंबर से किसी तरह का मेसेज भेजे जाने से इनकार किया, तो उन्हें बताया गया कि हो सकता है कि किसी जगह पर जमा किए गए उनके दस्तावेज के आधार पर सिम कार्ड लेकर साइबर क्रिमिनल ने इस तरह की हरकत की हो। उन्हें बताया गया कि चूंकि आपके नंबर के जरिए बड़े पैमाने पर ठगी की गई है, इसलिए उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस बन रहा है। उन्हें अरेस्ट करने की धमकी दी गई।

इसके साथ ही कॉल करने वाले ने उन्हें भरोसा दिया कि अगर वे खुद को निर्दोष मानते हैं तो गिरफ्तारी और कार्रवाई से बचाने के लिए दिल्ली साइबर ब्रांच से उनकी मदद कराई जा सकती है। इसके बाद उन्हें दिल्ली साइबर क्राइम ब्रांच की अफसर बताने वाली पूनम गुप्ता नामक महिला का कॉल आया। उन्हें मोबाइल कैमरा ऑन करने कर उसके सामने रहने को कहा गया। फिर, उनकी बात कई लोगों से कराई गई, जिसमें एक व्यक्ति को सीनियर आईपीएस बताया गया। उन्हें लगातार धमकी देकर असली अपराधियों के पकड़े जाने तक वीडियो कॉल पर रहने की हिदायत की गई। यह सिलसिला लगातार 11 दिनों तक जारी रहा। इस दौरान उनसे अलग-अलग अकाउंट में यह कहकर रकम ट्रांसफर कराई गई कि ऐसा करने से ही यह साबित होगा



बॉलीवुड के प्रतिभाशाली अभिनेता नील नितिन मुकेश आज अपना 43 वां जन्मदिन मना रहे हैं। सिंगर नितिन मुकेश के घर नील नितिन का जन्म 15 जनवरी 1982 को मुंबई में घर हुआ। इसके अलावा वे दिवंगत गायक मुकेश के पोते हैं। बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय नील नितिन मुकेश ने अपने पिता और दादा का नाम अपने नाम में उपनाम के रूप में लगाया। उन्होंने न्यूयॉर्क, 7 खून माफ, वजीर, 3जी, प्लेयर्स, डेविड, गोलमाल अगेन, प्रेम रतन धन पायो जैसी तमाम बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। जब नितिन की डेब्यू फिल्म आई तो उन्हें अपने पिता की खूब नाराजगी झेलनी पड़ी।

# निक्की तंबोली ने गोल्डन गाउन में गिराई बिजली, एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज



बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।

टीवी एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने गोल्डन गाउन में अपने ग्लैमरस लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में निक्की ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह बेहद आकर्षक लग रही हैं. निक्की ने डीपनेक गोल्डन गाउन पहना था, जो उनके स्टाइल को और भी स्टाइलिश बना रहा था. इसके साथ उन्होंने ग्लोइंग मेकअप किया और अपने खुले बालों में बेहद खूबसूरत पोज दिए. उनके किलर पोज और दिलकश लुक ने फैंस का दिल जीत लिया. इन तस्वीरों को देख फैंस उनके आकर्षक लुक और फैशन सेंस की तारीफ कर रहे हैं. निक्की की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं और उनके फैंस उनके इस लुक को लेकर काफी दीवाने हो गए हैं.

बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं।

निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है।

## धनुष की इडली कढ़ाई की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर भी आया सामने

तमिल अभिनेता धनुष अपनी निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। यह धनुष की निर्देशित चौथी फिल्म है। फिल्म में नित्या मेनन सह-भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। फिल्म का शानदार पोस्टर साझा करते हुए धनुष ने फिल्म की रिलीज को लेकर घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर को उनके प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इससे पहले भी धनुष फिल्म को कुछ पोस्टर साझा कर चुके हैं। धनुष निर्देशित ये फिल्म तमिल भाषा में रिलीज होगी। अभिनेता धनुष ने अपनी फिल्म को लेकर जैसी ही घोषणा की,

# सनी लियोनी को लगता है भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे



अभिनेत्री सनी लियोन जो फिलहाल मलेशिया में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है जैसे भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं।

सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डेक पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में बादलों से घिरा आसमान, समुद्र और रेत नजर आ रही है। वीडियो में अभिनेत्री ने कुछ खास ब्यौरा नहीं दिया। कहा, हम्म, हां, हम कहां हो सकते हैं? यहां बहुत रहस्यमयी चीजें हो रही हैं। इसके बाद उन्होंने एक रहस्यमय संदेश साझा किया, जिसमें लिखा था: मुझे लगता है कि भगवान मुझे धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं। काश मुझे चेतावनी मिल जाती ताकि मैं मानसिक रूप से तैयार हो पाती।

सोशल मीडिया पर एक्टिव सनी ने शेयर किया कि 'रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है।' उन्होंने रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है का एक मजेदार बिहाइंड-द-सीन वीडियो पोस्ट किया।

सनी ने फोटो-शेयरिंग वेबसाइट पर एक वीडियो पोस्ट की। क्लिप में वह अपनी टीम के साथ रील के लिए पोज देती नजर आ रही हैं। वह अपनी टीम की साथी से कहती सुनाई देती है, इसे छिपाओ। जैसे ही सनी की टीम रील बनाने के लिए तैयार हो गई और उनके एक साथी ने मजाकिया अंदाज में गिनती शुरू कर दी। अभिनेत्री अपना सिर हिलाना शुरू करती हैं और फिर रुक जाती हैं। सनी ने वीडियो को कैप्शन दिया: रील बनाने के पीछे वास्तव में क्या होता है। सनी और उनके पति डेनियल वेबर ने नवंबर में अपनी शादी के 13 साल बाद फिर से शादी रचाई। इस जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में एक समारोह में अपनी प्रतिज्ञा को फिर से दोहराया। इस दौरान उनके बच्चे निशा, नूह और अशर भी उनके साथ थे। सनी की फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त है। कुछ अटपटी घटनाएं भी इनके नाम पर अंजाम दी गई हैं। उनके नाम का इस्तेमाल कर एक धोखाधड़ी की वारदात ने भी सुर्खियां बटोरी थीं। 23 दिसंबर को एक व्यक्ति ने राज्य सरकार से 1000 रुपये प्रति माह प्राप्त करने के लिए अभिनेत्री के नाम का उपयोग किया था।

## अक्षय कुमार संग फिलम भूत बंगला में दिखेंगी तब्बू, एक्ट्रेस ने शुरू की शूटिंग

अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड हॉरर कॉमेडी भूत बंगला की शूटिंग शुरु हो गई है. दिलचस्प बात यह है कि हेरा फेरी में अक्षय कुमार के साथ नजर आने वाली एक्ट्रेस तब्बू 25 साल बाद इस फिल्म में उनके साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं. एक्ट्रेस अपने आगामी प्रोजेक्ट भूत बंगला के लिए अक्षय कुमार और मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार हैं. ड्यून प्रोफेसी में अपनी परफॉर्मेंस से दिल जीतने वाली तब्बू अब हॉरर-कॉमेडी की शूटिंग शुरू करने जा रही हैं. तब्बू ने फिल्म के सेट पर अपने पहले दिन की एक झलक शेयर की, जिससे फैंस काफी एक्साइटेड हो गए क्योंकि अक्षय और तब्बू 25 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे. वहीं प्रियदर्शन के साथ भी तब्बू 25 साल बाद कोलेब करने जा रही हैं. तीनों को कल्ट क्लासिक हेरा फेरी के लिए याद किया जाता है. तब्बू ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, हम यहां बंद हैं. प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, भूत बंगला का को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है. फिल्म की कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है और स्क्रीन प्ले रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने लिखा है. इसके अलावा डायलॉग रोहन शंकर के हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो वामिका गब्बी अक्षय की फिल्म में शामिल हो गई हैं. भूत बंगला एक हॉरर कॉमेडी है जिसमें अक्षय तीन महिला कलाकारों के साथ एक जादूगर की भूमिका निभाएंगे. यह फिल्म काले जादू पर आधारित है. भूत बंगला 2 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार पिछली बार सरफिरा में नजर आए थे वहीं उन्होंने स्त्री 2 में एक छोटा सा कैमियो भी किया था. अब उनकी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स है जो 24 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. वहीं तब्बू की पिछली फिल्म अजय देवगन के साथ औरों में कहां दम था थी. वहीं अब वे भूत बंगला की शूटिंग करने जा रही हैं.

# बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन धड़ाम से गिरी फिल्म गेम चेंजर, फतेह की कमाई भी घटी

राम चरम की गेम चेंजर ने भारत में पहले दिन 51 करोड़ की जबरदस्ती ओपनिंग की वहीं वर्ल्डवाइड इसने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई के साथ खाता खोला. लेकिन दूसरे ही दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चित्त हो गई. जबरदस्त ओपनिंग के बाद उम्मीद थी कि दूसरे दिन राम चरण की पॉलिटिकल ड्रामा घरेलू कलेक्शन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी लेकिन यहां तो हाल कुछ ओर ही है. आइए जानते हैं गेम चेंजर की दूसरे दिन की कमाई.

राम चरण की फिल्म ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 57.84त्न की गिरावट देखी. पहले दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 51 करोड़ के साथ खाता खोला लेकिन दूसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए फिल्म ने 21.5 करोड़ का कलेक्शन किया. इसके साथ ही फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन 72.5 करोड़ हो गया है. फिल्म ने तेलुगु में 12.7 करोड़, तमिल में 2.12 करोड़, हिंदी में 7.5 करोड़ की कमाई की.

गेम चेंजर के मेकर्स ने हाल ही में एक पोस्टर के जरिए बताया कि गेमचेंजर ने दुनियाभर में 186 करोड़ की ओपनिंग की है. इसी के साथ गेम चेंजर साल की पहली वर्ल्डवाइड 100 करोड़ पार करने वाली फिल्म बन गई है. अब देखना दिलचस्प होगा कि गेम चेंजर आगे कैसा प्रदर्शन करती है. गेम चेंजर के साथ सोनू सूद की फतेह रिलीज हुई है जो उतनी खास कमाई नहीं कर पा रही है. वहीं आने वाले दिनों में हिंदी में इमरजेंसी गेम चेंजर को टक्कर दे सकती है. गेम चेंजर एक पॉलिटिकल ड्रामा है जिसमें राम चरण डबल रोल में हैं. इसमें उनका मेन कैरेक्टर आईएएस अधिकार होता है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ता दिखाई दे रहा है. इसकी कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है वहीं शंकर ने इसका निर्देशन किया है. फिल्म 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसमें राम चरण के साथ कियारा आडवाणी ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है. गेम चेंजर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है.

सैकनिल्क की मानें तो फतेह ने पहले दिन 2.4 करोड़ रुपये कमाए थे वहीं दूसरे दिन इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज 2 करोड़ रुपए कमाए हैं। 2 दिन में फिल्म ने कुल 4.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

सोनू ने फतेह के जरिए पहली बार निर्देशन की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली है। इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। फिल्म के हीरो सोनू ही हैं। जैकलीन फर्नांडिस, नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इसक हिस्सा हैं।

## अजय देवगन की आजाद का नया गाना अजीब ओ गरीब जारी, अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने हाल में अपनी डेब्यू फिल्म के पहले सॉन्ग ऊई अम्मा से सबका दिल जीत लिया। अब इसी फिल्म का दूसरा गाना अजीब ओ गरीब रिलीज हुआ है। राशा और अजय देवगन की भतीजे अमन देवगन का ये गाना भी जबरदस्त हिट होता नजर आ रहा है। इस गाने में दोनों की केमिस्ट्री जबरदस्त है। जहां राशा के अंदाज ने दिल जीत लिया है, वहीं अमन के क्यूट एक्ट की जमकर तारीफ हो रही है।

इधर फिल्म आजाद का ये गाना रिलीज हुआ और उधर सोशल मीडिया पर तहलका मच रहा है। लोग इस गाने की तारीफें करते नहीं थक रहे। लोग केवल राशा और अमन की केमिस्ट्री की ही तारीफ नहीं कर रहे बल्कि इस गाने में जिस खूबसूरती से रेट्रो वाला लुक दिया गया है उसे देखकर भी वो दीवाने हो रहे हैं। वहीं काफी लोग तो बस अरिजीत की आवाज के ही मुरीज हुए जा रहे हैं।

# पैरों में दर्द क्यों होता है? एक्सपर्ट ने बताई 5 वजह



बहुत सारे लोग अक्सर पैरों में दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं. किसी को तलवे में तो किसी को पूरे पैर में दर्द रहता है. लोग अक्सर ये समझ नहीं पाते हैं कि पैरों में दर्द क्यों होता है? कई लोगों को खराब फिटिंग या ऊंची एड़ी वाले जूते पहनने से पैर में दर्द रहता है. तो किसी की मांसपेशियों के कमजोर होने की वजह से पैर दर्द रहता है. कुछ लोगों का वजन ज्यादा होता है उनके पैर में अक्सर दर्द करते हैं. वहीं कुछ लोगों की नौकरी ऐसी होती है जिसमें उन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है, उनके भी पैर अक्सर दर्द करते रहते हैं. शुगर और यूरिक एसिड बढ़ने पर भी एड़िया दर्द करती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट ने पैरों में दर्द होने की 5 वजह बताई हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

इन 5 कारणों से आपके पैरों में होता है दर्द

विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी

हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि जिन लोगों के शरीर में विटामिन ड्ड12 और विटामिन डी की कमी होती है, उनके पैर अक्सर दर्द करते हैं. क्योंकि इन विटामिन्स की कमी होने के कारण नसों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है.

लगातार दर्द होने पर करें ये काम

अगर आपके पैरों में भी लगातार दर्द और है ऐंठन महसूस होती है तो आपको विटामिन बी12 और डी के स्तर को चेक कराना चाहिए. डॉक्टर के सुझाव पर आपको सप्लीमेंट्स और फूड्स को डाइट का हिस्सा बनना चाहिए

बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज

जो लोग लंबे समय तक एक्सरसाइज नहीं करते हैं और अचानक से एक दिन उठकर बहुत ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं. उनके भी पैरों में दर्द हो सकता है. इसलिए अचानक से बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज ना करें. पहले धीरे-धीरे शुरुआत करें फिर इसे बढ़ाएं.

मिनरल्स की कमी के कारण

जिन लोगों के शरीर में मिनरल्स की कमी होती है उनमें भी पैर दर्द की समस्या रहती है. आयरन की कमी के चलते रक्त संचार में रुकावट आती है. मैग्नीशियम और जिंक की कमी के चलते मसल्स में खिंचाव और दर्द होता है.

पानी की कमी के कारण भी पैर दर्द करते हैं. डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी के कारण भी पैरों में दर्द हो सकता है. पानी की कमी के कारण रक्त संचार में रुकावट आती है, जो पैरों में दर्द का कारण बन सकता है. इसलिए दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है.

## ज्यादा मोबाइल देखने वालों के लिए बड़ी खबर, तुरंत बदलें ये आदत, वरना कार्डियोवैस्कुलर का खतरा



आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन दिख जाता है. यूं तो ये बहुत काम की चीज है लेकिन कुछ लोग इसे बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. अगर आप भी इनमें से एक हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. अगर आपको भी ज्यादा फोन चलाने या देखने की आदत है तो इसे तुरंत बदल लीजिए. नहीं तो इससे आपको एक-दो नहीं बल्कि कई तरह की घातक और जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं. एक स्टडी के मुताबिक मोबाइल कॉल्स से हार्ड डिजीज बढ़ सकता है. इतना ही नहीं कैनेडियन जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी में पब्लिश एक रिसर्च के मुताबिक ज्यादा मोबाइल यूज करने वालों में 21 प्रतिशत तक कार्डियोवैस्कुलर का खतरा ज्यादा होता है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने पर क्या होता है?

रिसर्च में बताया कि एक दिन में 5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने वालों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 3 पर्सेंट का रहता है.

आधे घंटे फोन चलाने पर ये होता है खतरा

एक दिन में 30 मिनट से 59 मिनट तक, स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 7त्न परसेंट तक रहता है.

अगर 1 से 3 घंटे फोन चलाए तो क्या होगा ?

1-3 घंटे तक मोबाइल चलाने वालों के बीच में कार्डियोवैस्कुलर का जोखिम 13 परसेंट का रहता है.

4-6 घंटे फोन चलाने पर खतरा

अगर कोई 4-6 घंटे तक मोबाइल चलाता है तो उसमें कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 15 पर्सेंट तक रहता है. वहीं 6 घंटे से ज्यादा फोन चलाने वालों को यह खतरा 21 परसेंट तक रहता है.

ज्यादा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने के नुकसान

नींद से जुड़ी समस्याएं

मानसिक तनाव का बढ़ना

आत्मविश्वास की कमी

कंप्यूटर विजन सिंड्रोम

रीढ़ की हड्डी पर गंभीर असर

स्किन से जुड़ी समस्याएं

ज्यादा फोन चलाने से सेहत को क्या होता है नुकसान?

जो व्यक्ति ज्यादा एक्टिव नहीं रहते हैं और ज्यादा वक्त स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं उन्हें हार्ट और स्ट्रोक का खतरा का काफी ज्यादा बढ़ जाता है. वजन और प्रेशर कंट्रोल में भी रहे लेकिन हार्ट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा रहता है. उन्हें गंभीर इकोकार्डियोग्राफी बीमारी होती है. कम उम्र में मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज हो सकती है. न्यूरोडीजेनेरेटिव की बीमारी और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा रहता है.

## शब्द सामर्थ्य -296

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, बलर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 295 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | यां | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कटंगी चौकी बेलखाडू में नितिन लखेरा उम्र 34 वर्ष निवासी पंडा मढ़िया थाना गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज वह एवं उसका दोस्त प्रिंस पटैल निवासी मानस विहार कालोनी विजयनगर के साथ अपनी मोटर सायकल से तथा उसके जीजा विनोद लखेरा एवं रवि ईसाई तथा नील रत्न पांडे तीनों एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 13 ई यू 8161 से जबलपुर से कटंगी काम की बात करने के लिये जा रहे थे वह जीजा की मोटर सायकल के पीछे पीछे चल रहा था

# शराब दुकानों से बिक रही मिलावटी शराब , नियम विरुद्ध संचालित दुकानों के विरोध में कांग्रेसियों ने हाथ में शराब की बोतल लेकर विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया शराब माफिया के आगे शासन प्रशासन ने घुटने टेक दिए हैं। दवाई की दुकान 9ः00 बजे के बाद बंद हो जाती है, लेकिन शराब दुकान है 11ः00 के बाद भी आबाद रहती हैं और रात में भी शराब माफिया के गुर्गे घर-घर में शराब की डिलीवरी कर रहे हैं, आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से नियम विरुद्ध चल रही दुकाने जिन्हें तत्काल बंद करने की बात कही कांग्रेस नेता रितेश बंटी गुप्ता व ठा.प्रवेंद्र सिंह चौहान ने बताया ,आज हर गली मोहल्ले पर अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, शराब माफिया ने पूरे शहर में अपना जाल बिछा रखा है। पूरे जिले की शराब दुकानों में मिनिमम सेल्स प्राइस द्व्ह्यश्च पर मिलने वाली शराब जिसकी कीमत 1000/- से 1500/के या 2000/- के बीच में है ,वह आज शराब दुकान के काउंटर से?400/- 500/- से लेकर 1000/- की मिल रही है, इतनी सस्ती शराब कहीं ना कहीं इस बात की ओर इशारा करती है कि उसमें मिलावट है, सस्ती जहरीली शराब पीने से लोगों की असमय मृत्यु हो रही है, बड़ी संख्या में युवा नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। शराब माफिया का पिट्ठू बन गया शासन, प्रशासन। इस वित्तीय वर्ष में जबलपुर जिले में सैकड़ो शराब दुकान नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रही है यह दुकानें शिक्षण संस्थानो ,धार्मिक स्थलों, कॉलोनी बस्तियां, शहर के मुख्य चौराहों , बायपास,राष्ट्रीय मार्ग, हाइवे एवं राजमार्गों में नियमो के मापदंडों को अंगूठा दिखाते हुए शराब नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं, इन दुकानों को बंद करने के लिए शहर में अनेकों आंदोलन हो चुके हैं। लेकिन राजस्व के लालच में शासन प्रशासन इन ठेकेदारों को अपनी मनमानी करने देता है जो अब नहीं चलेगा। इस वित्तीय वर्ष में शराब दुकानों की नीलामी के पहले नियम विरुद्ध दुकानों को तत्काल बंद करने की चेतावनी दी जाए एवं शराब दुकानों के परिसर में चल रहे अवैध आहता एवं अवैध रूप से शराब पिलाने वालों पर कार्यवाही करने कहा अन्यथा कांग्रेस पार्टी आम जनों को लेकर उन दुकानों के सामने अनिश्चितकालीन धरना देने को विवश होगी व जरूरत पड़ने पर न्यायालय की शरण लेगी, ज्ञापन में प्रशांत चौरसिया, रितेश नोतनानी, पंकज निगम, प्रभा सिंह, देवकी पटेल, आकाश जैन, आसिफ कुरैशी,सक्षम गोस्वामी, दीपक शिवहरे , आदि समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### जबलपुर स्टेशन से होगी प्रारंभ

# 05609/05610 जबलपुर - बरगवां - जबलपुर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का 43-43 ट्रिप होगा संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को तथा महाकुम्भ के दौरान अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 05609/05610 जबलपुर - बरगवां - जबलपुर कुंभ मेला स्पेशल गाड़ी को प्रारंभ किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है ः

गाड़ी संख्या 05609 जबलपुर - बरगवां कुंभ मेला स्पेशल गाड़ी दिनांक 17 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक संचालित होगी। जबलपुर स्टेशन से यह गाड़ी सुबह 05ः15 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए उसी दिन बरगवां स्टेशन पर दोपहर 13ः30 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 05610 बरगवां - जबलपुर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन बरगवां स्टेशन से 17 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक संचालित होगी। बरगवां स्टेशन से यह गाड़ी दोपहर 14ः35 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए जबलपुर स्टेशन पर रात्रि 11ः35 बजे पहुंचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा, कटनी साउथ, नई कटनी जंक्शन, कटंगी खुर्द, लखाखेरा, सल्हना, पिपरिया कलां, खन्ना बंजारी, महरोई, दमोय, विजय सोता, बारा, छतैनी, ब्योहारी, दुबरी कलां, कंचनपुर रोड, जोबा, मड़वासग्राम, शंकरपुर भदौरा, निवास रोड, भरसेंडी, सुरसराईघाट झारा, सरइग्राम, गजरा बहरा, देवराग्राम, मझौली स्टेशनों पर रुकेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं हृझ्रश्वस्र/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें। अधिक जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत वेबसाइट 222.द्रठ्ठह्लद्बह्म्4.द्बठ्ठस्रद्बड्डठ्ठह्म्ड्डद्बद्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाएं या हृझ्रश्वस्र ऐप डाउनलोड करें

### अपार आईडी के संबंध में पाटन ब्लॉक की बैठक ली डीईओ ने

# दो दिवस में शत प्रतिशत अपार आईडी का कार्य पूर्ण करें सभी विद्यालय



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत सरकार द्वारा शुरू वन नेशन वन आईडी के तहत संपूर्ण देश में अपार आईडी का कार्य चल रहा है। जबलपुर जिले के पाटन ब्लॉक में अपार आईडी के कार्य में धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी जी के द्वारा बैठक लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की । बैठक में पाटन ब्लॉक के 30 प्रतिशत से कम अपार आईडी कार्य वाले शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित हुए। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है तथा इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सभी विद्यालय दो दिवस में शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण करके कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र जनपद शिक्षा केंद्र पाटन में जमा करें। बैठक में अनुपस्थित शास एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोनी ने बीईओ पाटन को निर्देशित किया कि सभी से अनुपस्थित रहने का स्पष्ट कारण लिया जाए। कारण संतोषजनक न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावे। इसके अलावा अनुपस्थित विद्यालयों भी दो दिवस में कार्य पूर्ण कराकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान डीपीसी योगेश शर्मा, बीआरसी घनश्याम सिंह, बीएसी विवेकानंद शर्मा सहित प्राचार्य,जनशिक्षक तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में 350 हितग्राही हुए लाभांवित





### डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में आयोजित किया गया शिविर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शिविर संभाग क्रमांक 14 विजयनगर में डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड के अन्तर्गत नई बस्ती ग्राउंड में आयोजित किया गया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने सैंकड़ो हितग्राही पहुँचे। नगर निगम के अधिकारियों ने शिविर में आए हुए हितग्राहियों को हर योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें उनका लाभ दिलाया। इस शिविर में वार्ड पार्षद श्रीमति मुकिमा याकूब अंसारी के द्वारा पी.एम. स्वानिधी योजना के 1 हितग्राही को 20 हजार रुपयों का चेक एवं 3 पेंशन हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र, 4 हितग्राहियों को संबल पंजीयन का प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । 70 प्लस व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना आदि के फॉर्म जमा किए गए। शिविर में लगभग 350 से अधिक हितग्राही उपस्थित हुये। उनके द्वारा 189 प्रकरण जमा किये गये। शिविर में बीजेपी मंडल अध्यक्ष अकील अहमद, असगर अंसारी, अपर आयुक्त श्रीमति अंजू सिंह, संभागीय अधिकारी सुदीप पटेल, शिविर प्रभारी मन्नू पटेल, योजना लिपिक राजेश चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी परस्ते एवं विभिन्न विभागों के तथा संभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ मेला के अवसर पर रानी कमलापति से पहली ट्रिप 16 जनवरी को प्रारम्भ

### जबलपुर एवं प्रयागराज छिवकी से गुजरेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ मेला के अवसर पर पहली ट्रिप स्पेशल ट्रेन की 16 जनवरी को प्रारम्भ हो रही है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति के मध्य कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है ः-

रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन (12 सेवाएं)

01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 16.01.2025 से 20.02.2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11ः10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 10ः15 बजे बनारस पहुँचेगी। (06 सेवाएं)

01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 से 21.02.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14ः45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11ः30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

ठहराव ः- मण्डीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए क ृ प या 222.द्रठ्ठह्लद्बह्म्4.द्बठ्ठस्रद्बड्डठ्ठह्म्ड्डद्बद्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाएं या हृझ्रश्वस्र ऐप

### 65 किलोग्राम भार वर्ग में महावितरण के राजकुमार -वासुदेव और टाटा पावर के राहुल ने जीते अपने मुकाबले

# 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता उद्घाटित







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता तरंग प्रेक्षागृह में आज से प्रारंभ हो गई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने शक्ति के प्रतीक हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। मेजबान एमपी पावर के कप्तान संतोष द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सातों टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 65 किलोग्राम भार वर्ग के दो मुकाबले हुए। जिसमें महावितरण महाराष्ट्र के पहलवान राजकुमार वासुदेव ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत मण्डल के जरनेल सिंह और टाटा पावर दिल्ली के राहुल ने हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के प्रवीण कुमार को आसानी से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारी एससी घोष, आलोक श्रीवास्तव, देवेन्द्र चढ़ोकार, दीपक निगम, प्रतियोगिता के आब्जर्बर बिहार पावर के संजीव कुमार व नगर के कुश्ती व खेल प्रेमी उपस्थित थे। 65 किलोग्राम भार वर्ग में दोनों पहलवानों ने अपने प्रतिद्विंदयों को किया चित-आज हुए मुकाबले में 65 किलोग्राम भार वर्ग की दो कुश्तियां हुईं। पहले मुकाबले में महावितरण महाराष्ट्र के राजकुमार वासुदेव ने नीले कास्ट्यूम में अपने प्रतिद्वंदी हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत मण्डल के पहलवान जरनेल सिंह को दूसरे राउंड में बाय फॉल से पराजित किया। राजकुमार वासुदेव ने अपने प्रतिद्वंदी के कंधों को एक निश्चित समय तक मैट पर दबाए रखा और उन्हें विजय मिली। कुश्ती में इसे पिन के नाम से भी जाना जाता है। दूसरे मुकाबले में नीला कास्ट्यूम पहने हुए टाटा पावर दिल्ली के राहुल ने हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के प्रवीण कुमार को कोई मौका दिए बिना पहले ही राउंड में चित कर दिया। मेजबान एमपी पावर सहित सात टीमों के भाग ले रही हैं-प्रतियोगिता में देश की सात पावर यूटिलिटी की टीमें भाग ले रहीं हैं। जो टीम भाग ले रहीं वे हैं- पिछली विजेता हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप, उपविजेता पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लर्ि?मि?टेड (पीएसपीसीएल), राजस्थान राज्य वितरण प्रसारण निगम, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत मण्डल, टाटा पावर दिल्ली, महावितरण महाराष्ट्र व मेजबान एमपी पावर।अर्जुन यादव, विश्वामित्र अवार्डी विनय प्रजापति, देवेन्द्र उपाध्याय, चंदन चक्रवर्ती, जितेन्द्र राजपूत, मनीष सोनकर व राकेश यादव आज हुए मुकाबलों के रैफरी रहे।

# शिक्षाविद् डॉ.नेमा का किया पुण्य स्मरण - दी भावांजलि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शिक्षा व संस्कारों की खान शिक्षाधानी जाबालिपुरम् में आदर्श शिक्षाविद् डॉ.रमेश नेमा राजेश द्वारा किये गये सेवाभावी उत्कृष्ट कार्य व स्तुत्य योगदान तथा मानवीय मूल्यों के उत्कर्ष के लिये सक्रिय प्रयास सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। उन्होंने अपने स्वर्णिम जीवन काल में हर पल हर क्षण प्राथमिक से उच्च शिक्षा स्तर तक ईच वन टीच वन के स्व-स्फूर्त भाव से बेसहारा,अति निर्धन बच्चों की शिक्षा के समग्र विकास व उन्मुखीकरण हेतु समर्पित किये । तदाशय के उद्गार आज आव्हान फाउण्डेशन, विजयनगरद्वारा आयोजित डॉ. रमेश नेमा राजेश के सप्तम् पुण्य स्मरण कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रगट किये । इस अवसर पर डॉ.एच.पी.तिवारी, संजय नेमा, डॉ.अजय मिश्रा, डॉ.शुभम अवस्थी, डॉ.रघुनंदन पटैल, डॉ. संदीप नेमा, आलोक गुमाश्ता,अश्वत्थ राय, इंजी.अर्पित नेमा आदिउपस्थित रहे ।

# पहली बार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा अंतिम वर्ष के BVSc छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह

जबलपुरः नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार, जबलपुर स्थित पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी के छात्रों का ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम 17 जनवरी 2025 को आयोजित होगा, जिसमें 212 नवोदित पशु चिकित्सक औपचारिक रूप से पशु चिकित्सा पेशे में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम जबलपुर के पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय के कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय के तीन संबद्ध महाविद्यालयों—जबलपुर, महू और रीवा—के छात्र भाग लेंगे। स्नातक बैच में जबलपुर और महू से 74-74 छात्र और रीवा से 64 छात्र शामिल हैं, जो पशु चिकित्सक की शपथ लेंगे। यह शपथ उनके पशु कल्याण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नैतिक पशु चिकित्सा प्रथाओं के प्रति समर्पण का प्रतीक होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे श्री लखन पटेल ,मध्य प्रदेश के माननीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री। माननीय सांसद, जबलपुर, श्री अशीष दुबे और माननीय विधायक, जबलपुर कैंट, श्री अशोक रोहाणी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

# पनागर में एक पेड़ मां के नाम पोधा रोपड़ एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की सेक्टर बैठक संपन्न






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल सेक्टर 02 कुशनेर के द्वारा 15.01.25 ग्राम मोहारी में आगामी कार्ययोजना को लेकर बैठक का आयोजन नवांकुर संस्था प्रभारी पारस दाहिया के द्वारा किया गया जिसमे ग्राम स्तर में समिति के कार्यो को निरंतर करने के साथ,ग्राम में कार्यालय जन सूचना केंद्र खोलने ब आदर्श ग्राम बनाने, ग्राम में गिरते तापमान बढ़ते प्रदूषण को देखते हुये ग्राम में पौधा नर्सरी की स्थापना के संबंध में सभी सदस्यों से चर्चा की गई साथ ही ग्राम में आम व नीम , कटहल के पौधों को सभी की उपस्थिति में लगाया गया है बैठक में प्रस्फुटन समितियो के सदस्य मनोहर काछी, राम केश पटेल, रंजीत रजक, मीरा ठाकुर, सपना काछी, अभिलाष पटेल, अजय काछी, आंगन वाणी कार्यकर्त्ता,मेंटर्स,ग्राम की मातृ शक्ति सहित अन्य समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संपन्न की गई।।

# पमरे ने नौ माह में 1055 कोचों और 5154 वैगनों की मरम्मत की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों/वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है।? दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसम्बर यानि नौ माह में सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 6,209 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1055 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 5154 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। जबकि गतवर्ष इस अवधि में दोनों कारखानों ने 1003 कोचों और 5042 वैगनों सहित कुल 6045 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग कर मरम्मत किया गया था। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में दोनों कारखानों ने लगभग 3 प्रतिशत अधिक कोचों/वैगनों का पीओएच आउटटर्न किया है। पिरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) के दौरान निम्न कार्य किये जाते हैं ः- कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके। कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पाट्र्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर के बफ़र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है। व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना माढ़ोताल में लेखराम कुशवाहा उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम सूखा मेन रोड़ तालाब के आगे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्वयं के घर में सृष्टि रेस्टोरेंट के नाम से होटल चलाता है अपने परिवार सहित ससुराल मे गंगा पूजन के लिये घर में ताला लगाकर गया था आज सुवह पड़ौसी धनीराम पटेल ने फोन कर बताया कि तुम्हारी शटर टूटी हुयी है वह सुबह लगभग 11 बजे घर आया देखा दुकान का शटर टूटा था अंदर जाकर घर में रखी आलमारी को चैक करने पर सोने चांदी के जेबर तथा नगदी नहीं थे सामान बिखरा पड़ा था

# सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर-हैदराबाद के बीच प्रारंभ हुई नई उड़ान का उद्घाटन किया





जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने बुधवार को जबलपुर से हैदराबाद के लिए प्रारंभ हुई इंडिगो की नई विमानसेवा का उद्घाटन किया ।हैदराबाद के लिए जबलपुर से वर्तमान में संचालित उड़ान के अतिरिक्त यह नई उड़ान है ।उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह भी साथ में थे।

सांसद श्री आशीष दुबे ने हैदराबाद के लिए प्रारंभ नई उड़ान के पहले फ्लायर नवयुवक आर्यन मिश्रा को बोर्डिंग पास प्रदान किया,आने वाले यात्रियों का पुष्प प्रदान कर स्वागत भी किया।

सांसद श्री आशीष दुबे ने बताया कि वर्तमान में जबलपुर से हैदराबाद के लिए प्रतिदिन एक अन्य उड़ान पहले से संचालित हो रही है जो सुबह जबलपुर से हैदराबाद जाती है और शाम को हैदराबाद से जबलपुर आती है ।अब इस नई उड़ान के प्रारंभ होने से दक्षिण के शहरों के लिए जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी और बढ़ गई है ।सांसद श्री दुबे ने बताया कि नई उड़ान सप्ताह के तीन दिन सोमवार-बुधवार और शुक्रवार को जबलपुर से हैदराबाद के बीच संचालित होगी ।उड़ान नियत दिनों में शाम चार बजे जबलपुर आएगी और 20 मिनिट बाद हैदराबाद के लिए वापस जाएगी ।उन्होंने बताया कि नई उड़ान के मार्ग पर 78 सीटों की क्षमता वाला एटीआर 72 विमान उड़ान भरेगा।

सांसद आशीष दुबे ने कहा कि इस नई उड़ान के प्रारंभ होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी क्योंकि उन्हें जबलपुर से हैदराबाद पहुंचकर चेन्नई, बेंगलुरु सहित दक्षिण भारत के अन्य शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेना आसान हो जाएगा वहीं अन्य शहरों से उनके लिए अन्य देशों की उड़ानों के लिए आसान कनेक्टिविटी मिल सकेगी ।सांसद श्री दुबे ने आशा जताई है कि निकट भविष्य में जबलपुर से देश के अन्य नगरों के लिए उड़ानें प्रारंभ होंगी और दिल्ली,मुम्बई के लिए अतिरिक्त उड़ान भी मिल सकेगी ।उन्होंने बताया कि वे इस दिशा में सतत प्रयासरत हैं। बुधवार को नई उड़ान के पहुंचने पर जबलपुर के डुमना विमानतल पर वाटर केनन सैल्यूट भी दिया गया ।इस अवसर पर डुमना विमानतल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में सांसद श्री आशीष दुबे,लोनिवि मंत्री श्री राकेश सिंह, विधायक श्री अभिलाष पांडे,भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन,नगरनिगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज़ और नवनियुक्त नगर भाजपा अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर,सर्वश्री आशीष पटेल,सुमित मिश्रा, नीलू वाजपेयी, विवेक पटेल,संकल्प पाठक,अभय सिंह ठाकुर,अर्पित दुबे,अंशुमान पाठक,कुमार नीरज शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# जबलपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 14 बदमाशों से जब्त की गई 15 रिवाल्वर-पिस्टल, 18 कारतूस

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बदमाशों को पकड़कर बड़ी मात्रा में रिवाल्वर, पिस्टल व कारतूस बरामद किए है. पुलिस ने इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किए है.

इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधिक वारदातों को रोकने के लिए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है. पुलिस ने बदमाशों को अभियान चलाकर पकड़ा और रिवाल्वर, पिस्टल व कारतूस बरामद किए है. गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले भी 16 आरोपियों से 15 फायर आर्म्स एवं 19 कारतूस जप्त किये गये थे.

इन थानों की पुलिस ने की कार्रवाई-

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ओमती, गोराबाजार, बरेला, गढ़ा, हनुमानताल, रांझी, गोसलपुर, बेलखेड़ा व सिविल लाइन थाना पुलिस ने बदमाशों को पकड़कर रिवाल्वर, पिस्टल व कारतूस जब्त किए है. इन सभी खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए है.

-अनीश उर्फ चीनू सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी रसोई बार के पीछे सिंधी मोहल्ला ओमती, एक देशी 1 पिस्टल एवं 4 कारतूस बरामद किए. -जयदीप सोनकर उर्फ मटरू उम्र 18 वर्ष निवासी सामुदायिक भवन के पास भरतीपुर थाना गोराबाजार- -कृष्णा उर्फ मिक्की यादव उम्र 20 वर्ष निवासी पोस्ट आफिस के पीछे बिलहरी एक पिस्टल, एक कारतूस बरामद किया है. पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया बदमाश अपराधिक प्रवृति का है, जिसके खिलाफ 12 अपराध हत्या का प्रयास, अपहरण, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, एससीएसटी एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, मारपीट आदी के पूर्व से पंजीबद्ध है. थाना बरेला- -तारा यादव उम्र 29 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास शिवपुरी कजरवारा ; देशी 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस मिला है. तारा यादव के खिलाफ 12 अपराध हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, एससीएसटी एक्ट, मारपीट, तोडफोड आदी के पूर्व से पंजीबद्ध है.

थाना बेलखेड़ा--नीलेश लोधी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रजोला बेलखेड़ा से एक रिवाल्वर मिली.

थाना गढा- तुषार सोनी उर्फ गुल्लू उम्र 22 वर्ष निवासी देवताल हितकारिणी स्कूल के पास गढ़ा से एक देशी पिस्टल, 2 कारतूस बरामद किए गए. इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट व मारपीट के 8 प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध है.

थाना हनुमानताल-- वंश सोनकर उम्र 22 वर्ष निवासी भरतीपुर ओमती से एक देशी पिस्टल व एक कारतूस मिला.

-नीरज उर्फ बाबा उम्र 35 वर्ष निवासी शिव पार्वती मंदिर के सामने भरतीपुर ओमती 2 देशी पिस्टल एवं 2 कारतूस बरामद किया गया.

-गौतम सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी भरतीपुर थाना ओमती से एक देशी व एक कारतूस बरामद किया गया. थाना गोसलपुर--मानसिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम आलगौड़ा गोसलपुर को पकड़कर पुलिस ने एक देशी पिस्टल व एक कारतूस मिला. थाना रांझी- -जितेन्द्र पटैल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया पोस्ट सकरा पाटन, एक देशी पिस्टल व एक कारतूस जब्त किया गया.

-सुमित दाहिया उम्र 22 वर्ष निवासी शुक्ला होटल संतोषी माता मंदिर के पास थाना घमापुर, एक देशी व एक पिस्टल एवं 1 कारतूस बरामद किया गया. -कृष्णा कुमार हासवानी उर्फ बाबू उम्र 24 वर्ष निवासी सिंधी गुरूद्वारा लालमाटी घमापुर एक देशी पिस्टल व दो कारतूस बरामद. गौरतलब है कि पकड़ा गया आरोपी कृष्णा हासवानी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध 19 अपराध हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, मारपीट, तोडफोड आदी के पूर्व से पंजीबद्ध है.

# रत्नेश सोनकर बने जबलपुर महानगर के भाजपा अध्यक्ष





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भाजपा ने जबलपुर महानगर के लिये रत्नेश सोनकर को अध्यक्ष बनाया है। देर शाम भोपाल से जारी सूची में सोनकर के नाम का ऐलान किया। इसी के साथ जबलपुर में नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लिये पार्टी ने संगठन प्रमुख के नामों को मुहर लगा दी है। राजकुमार पटेल के नाम का ऐलान विगत दिनों कर दिया था, पटैल पार्टी की ग्रामीण ईकाई के अध्यक्ष बने हैं। इस बीच ऊहापोह के बाद आखिरकार रत्नेश सोनकर के नाम पर प्रदेश संगठन ने हरी झंडी दिखाई है। भाजपा में जहां ग्रामीण के लिये पिछड़ा वर्ग तो नगर में हरिजन वर्ग से आने वाले नेता को पार्टी की बागडोर सौंपी है। अभी नगर में प्रभात साहू अध्यक्ष थे, जो पिछड़े वर्ग से आते हैं। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि रत्नेश सोनकर पूर्व में नगर निगम में एमआईसी सदस्य रह चुके हैं। वे पूर्व क्षेत्र से आते हैं। आने वाले दिनो में नगर में संगठन को मजबूत बनाने की जवाबदारी रत्नेश सोनकर पर रहेगी।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी से उनके सिविल लाइन स्थित निवास पर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने भेंट की। इस अवसर पर श्री सिंह ने दोनो नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा संगठन ने श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ को दायित्व दिया है और इनके नेतृत्व में जबलपुर नगर और ग्रामीण में भारतीय जनता पार्टी के कार्य का विस्तार होगा। इस अवसर पर पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री रानू तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गढा पुलिस का जुए के फड़ पर छापा, 10 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी गढा श्री नीलेश दोहरे ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति गढ़ा में चौधरी मोहल्ला मेन रोड बिजली के खंभे के नीचे ताश पत्तों पर रुपये का हार जीत का दाँव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे है , सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान चौधरी मोहल्ला मेन रोड में दबिश दी जहॉ बिजली के खम्बे के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तो में रूपये पैसो का दाव लगाकर अवैध रूप से जुआ मन्ना खेलते दिखे जो पुलिस को देख कर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकडा नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमश: शेखर चौधरी उम्र 28 साल निवासी शाहीनाका चौधरी मोहल्ला थाना गढ़ा , पप्पी चौधरी उम्र 45 साल निवासी शाहीनाका चौधरी मोहल्ला , करन अहिरवार उम्र 19 साल निवासी शाहीनाका चौधरी मोहल्ला गढ़ा, अरविन्द झारिया उम्र 38 साल निवासी झारिया मोहल्ला, मनीष ठाकुर उम्र 45 साल निवासी शाहीनाका फूलहाई तलैया थाना संजीवनीनगर , राहुल चौधरी उम्र 24 साल निवासी शाहीनाका चौधरी मोहल्ला, प्रमोद विश्वकर्मा उम्र 32 साल निवासी गंगानगर चंदन कालोनी थाना

# गेट का ताला तोडकर मोटर सायकिल चुराने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना अधारताल मे अनुपम पाण्डे उम्र 27 वर्ष निवासी सुभाषनगर महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कपड़े प्रिंट करने का काम करता है हमारा हाउसिंग बोर्ड का एक मंजिला मकान है मकान मे गेट है घर पर उसके बड़े पिता जी दिनेश कुमार की पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एमप 20 एम एस 9622 रात मे खड़ी थी। सुबह उठकर देखा तो मोटर सायकिल गायब थी। बाजू वाले अंकल के यहॉ लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज चैक किया तो रात में कोई अज्ञात 2 लोग गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर मोटर सायकल चोरी कर ले गयें


**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 97/2024-25 दिनांक 15/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री प्रशांत गूजर, पिता- श्री राजेश गूजर** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002954723 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती सुषमा वैश्य, पति श्री भगवत प्रसाद कोरी, के नाम से दर्ज खसरा नं. 13/1 प्लाट नं. 262 द्ददा नगर का दर्ज प्लाट रकवा 560 व.फु.उस पर निर्मित तल मंजिल 500 व.फु., प्रथम मंजिल 500 व.फु., **विक्रय/क्रय** , संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्ति लेजर रिपोर्ट एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/654/ दिनांक 15.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनिल दत्त शर्मा, पिता- स्व. श्री देवदत्त शर्मा** ने मकान नं. 649 पिन नं............ **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल सीमेंट टीन 307 व.फु. , **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, पट्टा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 649 मयूर कला मंदिर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/653/ दिनांक 15.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनिल दत्त शर्मा, पिता- स्व. श्री देवदत्त शर्मा** ने मकान नं. 639 पिन नं........... **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 1000 व.फु., सीमेंट टीन 1429 व.फु. किरायेदारी, **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, पट्टा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 639 मयूर कला मंदिर के पास, द्वारका नगर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -93, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अजय कुमार गडरिया, पिता- श्री राजेन्द्र प्रसाद गडरिया** ने मकान नं. 1490/7- ए पिन नं. 1000414598 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 546 व.फु., **आधार कार्ड, विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री चमन लाल खन्ना, पिता- स्व. श्री सुनाकी राम खन्ना, मकान नं. 1490/7-ए पिन नं. 1000414598 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -92, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 13.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शारदा कुशवाहा, पति- श्री राम कुशवाहा** ने मकान नं. सुभाष नगर, पिन नं. 1000594017 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** भूतल 850 व.फु. आर.सी.सी., **आधार कार्ड, शपथपत्र, विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्रीमती संध्या बसाक, पति- श्री सुबोध चंद्र बसाक, मकान नं. सुभाष नगर,, पिन नं. 1000594017 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/254 जबलपुर दिनांक 14.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती वंदना उपाध्याय, पति- श्री निर्दोष कुमार उपाध्याय** ने खसरा नं. 61 का भाग, **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय,** पिन नं. 1004706356, क्षेत्रफल 944 व.फु., भूतल 944 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/253 जबलपुर दिनांक 14.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अजित कुमार जैन, पिता- श्री रतन चंद जैन** ने मकान नं. 3213/19 ए **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय,** पिन नं. 1000349552, क्षेत्रफल 500 व.फु., भूतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/252 जबलपुर दिनांक 14.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री दीपक सिंह ठाकुर, पिता- श्री राजेश सिंह ठाकुर, 2. श्रीमती दीक्षा ठाकुर, पति- श्री दीपक सिंह ठाकुर** ने प्लाट नं. एस-22 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय,** पिन नं. 2000269213, क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/251 जबलपुर दिनांक 14.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री दीपक सिंह ठाकुर, पिता- श्री राजेश सिंह ठाकुर, 2. श्रीमती दीक्षा ठाकुर, पति- श्री दीपक सिंह ठाकुर** ने प्लाट नं. एस-23 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय,** पिन नं. 2000147900, क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/204 दिनांक 14.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रयाग ताम्रकार, पिता- स्व. श्री प्रकाश चंद ताम्रकार, एवं श्रीमती बबीता ताम्रकार, पति- प्रशांत ताम्रकार** ने मकान नं. 469/पी/89 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 343 दिनांक 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती श्वेता शुक्ला, पति- श्री नितिन शुक्ला** ने मकान नं. 1704 , सम्पत्ति पिन नं. 1000624186 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , भूतल 1161 व.फु., प्रथमतल 810 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 342 दिनांक 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, पिता- स्व. श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता** ने मकान नं. 2023 , सम्पत्ति पिन नं. 1000435039 **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 865 व.फु., प्रथमतल 865 व.फु., द्वितीयतल 471 व.फु., **त्यागपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 341 दिनांक 14.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री लीलाधर पटैल, पिता- स्व. श्री नारायण पटैल** ने मकान नं. 444 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1000487597 का भाग, **वार्ड वीर सावरकर वार्ड** , भूतल 450 व.फु., **शपथपत्र, न्यायालय आदेश,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 340 दिनांक 14.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती रेशमा जयसिंघानी, पति- श्री हरीश कुमार जयसिंघानी, 2. श्री कमल जयसिंघानी, पिता- श्री हरीश कुमार जयसिंघानी, 3.श्रीमती रिद्धी जयसिंघानी, पति- श्री कमल जयसिंघानी, .4 श्री हरीश कुमार जयसिंघानी, पिता- श्री मोहन दास जयसिंघानी,** ने मकान नं. प्लाट नं.10 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1000607776, **वार्ड विवेकानंद वार्ड** , भूतल 800 व.फु., **शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999